इंदौर, गुरुवार 16 जुलाई 2026
वर्ष : 5 ■ अंक : 223
पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650




राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...


सीएम फिर बोले इसी सत्र में आएगा यूसीसी



पेज-2

बढ़त बनाने उतरेगी टीम इंडिया मुकाबला शाम साढ़े पांच बजे



पेज-5

बच्चों के पोषण पर भी भाजपा का कमीशन मॉडल-उमंग सिंघार



पेज-6


## एक तस्वीर... कई सियासी मायने...




# मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल फेरबदल का हुआ आगाज!

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** • मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार ने मंत्री लखन पटेल से पशुपालन एवं डेयरी विभाग वापस ले लिया है। अब लखन पटेल के पास आनंद विभाग की जिम्मेदारी रहेगी। मध्य प्रदेश की राजनीति में लंबे समय से चल रही मंत्रिमंडल फेरबदल की अटकलों के बीच बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। डॉ. मोहन यादव सरकार ने लखन पटेल से पशुपालन एवं डेयरी विभाग वापस ले लिया है। अब उन्हें आनंद विभाग दिया गया है। राजनीतिक गलियारों में इस फैसले को आगामी मंत्रिमंडल विस्तार और बड़े फेरबदल की पहली औपचारिक शुरुआत माना जा रहा है।

कई महीनों से मध्यप्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार और विभागों के पुनर्वितरण की चर्चा चल रही थी। ऐसे में लखन पटेल से पशुपालन एवं डेयरी जैसा अहम विभाग वापस लेना इस बात का संकेत माना जा रहा है कि सरकार अब बड़े फेरबदल की दिशा में आगे बढ़ चुकी है। प्रदेश में इससे पहले भी ऐसा फैसला लिया जा चुका है। पूर्व वन मंत्री नागर सिंह चौहान से वन विभाग हटाकर उन्हें अनुसूचित जाति कल्याण विभाग सौंपा गया था। अब पशुपालन मंत्री लखन पटेल के मामले को भी उसी राजनीतिक क्रम की अगली कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक सूत्रों का दावा है कि प्रतिमा बागरी के जाति प्रमाण पत्र विवाद के दौरान मंत्री लखन पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने अपना पक्ष मजबूती से रखा था। सत्ता के गलियारों में यह भी चर्चा है कि इसी घटनाक्रम के बाद उनके विभाग में बदलाव की जमीन तैयार हुई। हालांकि, इस संबंध में सरकार ने कोई आधिकारिक कारण सार्वजनिक नहीं किया है।

### दतिया उपचुनाव के बाद और बढ़ सकती है हलचल

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह फैसला अकेला नहीं है। दतिया विधानसभा उपचुनाव के बाद मंत्रिमंडल विस्तार, नए चेहरों की एंट्री और कुछ मंत्रियों की विदाई जैसे फैसले भी सामने आ सकते हैं। इसलिए लखन पटेल का विभाग बदलना बड़े राजनीतिक बदलाव की शुरुआत माना जा रहा है।

### राजनीतिक मायने

लखन पटेल से बड़ा विभाग वापस लिया जाना केवल एक विभागीय बदलाव नहीं माना जा रहा। राजनीतिक जानकार इसे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की नई रणनीति और आगामी मंत्रिमंडल विस्तार की भूमिका के रूप में देख रहे हैं। अब सबकी नजर इस बात पर है कि अगला फैसला किस मंत्री पर होता है और मंत्रिमंडल में किन नए चेहरों को जगह मिलती है।

# अमेरिकी सेना ईरान में घुसने की तैयारी में

## जमीनी जंग का काउंटडाउन शुरू



**वाशिंगटन (एजेंसी)** • अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को और बड़ा करने पर विचार कर रहे हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि अपने वरिष्ठ सलाहकारों से कई दिनों तक जानकारी लेने के बाद ट्रंप इस दिशा में झुकाव दिखा रहे हैं। इसमें होर्मुज के पास ईरानी द्वीपों पर जमीनी सेना भेजकर कब्जा करने का विकल्प भी शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि ट्रंप प्रशासन ईरान के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई का दायरा बढ़ाने पर गंभीरता से सोच रहा है। इसमें तीन बड़े विकल्पों पर चर्चा हो रही है। पहला विकल्प है हवाई हमलों को और तेज करना। दूसरा विकल्प है होर्मुज के पास स्थित ईरानी द्वीपों पर जमीनी सेना भेजकर उन पर कब्जा करना। तीसरा विकल्प है एक मजबूत किलेबंद जगह पर बमबारी करना, जिसका इस्तेमाल गुप्त रूप से परमाणु काम के लिए किया जा सकता है। अमेरिकी समयानुसार मंगलवार शाम ट्रंप ने सिचुएशन रूम में एक अहम बैठक बुलाई।

# 'अवधेश' बने दतिया के चुनावी गणित के 'नायक'



इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** • दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अवधेश नायक चुनावी राजनीति के केंद्र में आ गए हैं। कांग्रेस और भाजपा, दोनों ही दल उन्हें अपने पक्ष में साधने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस जहां टिकट नहीं मिलने से नाराज नायक को मनाने में जुटी है, वहीं भाजपा उनके पुराने वैचारिक और संगठनात्मक संबंधों के आधार पर उन्हें अपने पाले में लाने की संभावनाएं तलाश रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नायक का रुख उपचुनाव के समीकरणों को प्रभावित कर सकता है। कांग्रेस ने इस बार भी अवधेश नायक को टिकट नहीं दिया और घनश्याम सिंह को उम्मीदवार बनाया। इसके बाद नायक समर्थकों में असंतोष खुलकर सामने आया। स्थिति को संभालने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी स्वयं उनके निवास पहुंचे और उनके साथ भोजन कर समर्थन का संदेश दिया। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने चुनावी सभा में सार्वजनिनावीरूप से स्वीकार किया कि वर्ष 2023 में नायक को टिकट नहीं मिलने में उनकी भूमिका रही थी और मंच से ही उनसे माफी भी मांगी। इधर भाजपा ने भी इस राजनीतिक मौके को भुनाने की कोशिश शुरू कर दी है। भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी ने अवधेश नायक के घर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। इस मुलाकात की तस्वीरें सामने आने के बाद नायक के भाजपा में शामिल होने की चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया। सूत्रों के अनुसार भाजपा प्रदेश स्तर पर भी इस घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है।

**हिट एंड रन में प्रदेश नंबर-1**

# अपनों को खोने वालों को मुआवज़ा देने में फिसड्डी 50% को भी मदद नहीं

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** • मध्य प्रदेश के माथे पर एक ऐसा दाग लगा है, जो धुलने के बजाय हर साल और गहराता जा रहा है। सड़कों पर रफ्तार का कहर बरपाना और फिर कानून की आंखों में धूल झोंककर रफूचक्कर हो जाना, इस मामले में हमारा प्रदेश देश में 'टॉप' पर है। पिछले पांच साल से 'हिट एंड रन' के मामलों में मध्य प्रदेश लगातार पूरे देश में पहले पायदान पर बना हुआ है। वर्ष 2020 से 2024 तक प्रदेश में 60 हजार से अधिक हिट एंड रन के केस हुए हैं। वहीं 38 हजार 263 केस के साथ महाराष्ट्र इस मामले में दूसरे नंबर पर है। विडंबना देखिए, जहां बेगुनाहों को कुचलकर भागने में हम सबसे आगे हैं, वहीं अपनों को खोने वाले पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद (मुआवजा) देने में हमारी रफ्तार सबसे सुस्त है। दावों के निपटारे के मामले में मध्य प्रदेश टॉप-10 राज्यों में भी शामिल नहीं है। जिन्होंने यहां आवेदन किये उनमें से आधे परिवारों को भी आर्थिक मदद नहीं मिल सकी।

# पार्टी कार्यक्रमों में गैर हाजिर रहने वाले मंडल अध्यक्षों पर गिरेगी गाज

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** • मंडल अध्यक्षों पर होगा एक्शन-इस अहम बैठक में कई जिम्मेदार पदाधिकारी नदारद थे, जिसमें आधे मंडल अध्यक्ष थे। इस पर नगर अध्यक्ष मिश्रा का कहना था कि बैठकों व कार्यक्रमों में नहीं आने वालों पर अब सख्ती की जाएगी। संगठन उन पर कार्रवाई करने से भी पीछे नहीं हटेगा। वे बोले कि मेरे पास ऐसे पदाधिकारियों की सूची है जो कि अधिकांश आयोजनों में नहीं आते हैं। आते भी हैं तो सिर्फ औपचारिकता पूरी करते हैं। ऐसे लोग सुधर जाएं नहीं तो हटाया जाएगा, जिसमें बुरा मानने की कोई बात नहीं है, जो काम करेगा उसे मौका दिया जाएगा। किसी के काम नहीं करने से संगठन का काम रुकने वाला नहीं है। गौरतलब है कि एक दर्जन से अधिक मंडल अध्यक्ष है जो कि संगठन के काम में रुचि नहीं ले रहे हैं जो कि विधायक की पसंद से बनाए गए थे। सभी पर गाज गिरने की संभावना है।

भारतीय जनता पार्टी में संगठनात्मक कसावट का दौर शुरू हो गया है। जिनको पद दिए गए हैं वे लोग ठीक से काम कर रहे हैं या नहीं, उसकी समीक्षा की जा रही है। अच्छा काम करने वालों को आने वाले समय में पुरस्कृत किया जाएगा, तो निकम्मों की छुट्टी की जाएगी। नए कार्यकर्ता को मौका दिया जाएगा। इधर, सभी को साफ कर दिया कि लर्निंग डिजिटल प्लेटफॉर्म एप डाउनलोड कर अपनी गतिविधियों को डालें।




### प्रभारियों को नहीं मालूम कितने बूथ

इंदौर नगर भाजपा के प्रभारी राजेश सिंह सोलंकी ने मंडल के प्रभारियों से एक-एक कर पूछना शुरू किया। सवाल था आपके मंडल में कितने शक्ति केंद्र हैं और कितने बूथ हैं? चौंकाने वाली बात ये है कि अधिकांश प्रभारी सही जवाब नहीं दे पाए। इस पर सोलंकी का कहना था कि आप सबसे पहले अपने दायित्व का अध्ययन करे। लर्निंग डिजिटल एप पर बूथों पर होने वाले प्रवास की जानकारी डालें।

## न्यूज ब्रीफ

- जगन्नाथ रथ यात्रा का शुभारंभ, राष्ट्रपति और पीएम ने दी शुभकामनाएं
- निर्यात वाले डीजल पर उत्पाद शुल्क सात रुपये बढ़ा, पेट्रोल पर 1.5 रुपये की कटौती
- शेयर बाजारों में तेजी जारी, सेंसेक्स 203 अंक ऊपर खुला
- यूक्रेन ने 2,884 किलोमीटर दूरी तक मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता हासिल की : जेलेंस्की
- चीन ने रूस के खिलाफ अमेरिका के प्रस्तावित प्रतिबंध विधेयक पर कड़ा विरोध जताया
- मोदी शुक्रवार को चेन्नई पार्क अमृत रेलवे स्टेशन का करेंगे उद्घाटन
- पटना : बंटी हत्याकांड के मुख्य आरोपी रवीश का हाफ एनकाउंटर
- मेसी का सपना बरकरार! इंग्लैंड को हराकर लगातार दूसरी बार फीफा वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचा अर्जेंटीना
- 'लूला का अहंकार...', ब्राजील पर 25% टैरिफ लगाएगा अमेरिका

**बदहाल संगठन** | जमीन पर कांग्रेस की हालत खस्ता, कार्यकर्ता हताश...

# प्रदेश में साइकिल यात्रा नहीं, कांग्रेस को मजबूत करने की जरूरत

निलेश चौहान : 94250-77209

**देपालपुर • दैनिक इंदौर संकेत**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी साइकिल यात्रा करने निकले हैं, लेकिन यात्रा से पहले जमीन पर कांग्रेस को मजबूत करने की आवश्यकता है। इंदौर जिले में कांग्रेस के पास कार्यकर्ताओं कि हालत खस्ता है, नगर से लेकर ब्लॉक और विधानसभा स्तर पर देखा जाए तो जमीन पर कांग्रेस के पास कार्यकर्ता नहीं है, जो दमदार कार्यकर्ता थे, वह भाजपा में शामिल हो गए। इंदौर जिले की बात करें तो क्षेत्र क्रमांक 2 और 4 सांवेर और महू में विधानसभा लड़ने वाला दमदार नेता नहीं है। कांग्रेस से भाजपा में गए तुलसी सिलावट ने कांग्रेस की जमीन सांवेर में ढीली कर दी। आधे से ज्यादा कांग्रेसियों को भाजपा में ले गए, सांवेर फतेह करना आसन नहीं है। यही हाल महू विधानसभा का है, जहां अंतरसिंह दरबार ने कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा हाथ थामा है। वहां भी दरबार के अलावा कांग्रेस के पास कोई दमदार नेता नहीं है। महू की नैया पार लगाना कांग्रेस के लिए आसान नहीं है। राऊ की बात करे तो प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी अपने गृह क्षेत्र से 35000 वोटों से चुनाव हारे हैं। पटवारी को अपने ही गृह क्षेत्र में हार का सामना करना पड़ा है। राऊ में वर्तमान विधायक मधु वर्मा ने जमकर विकास कार्य किए हैं। यह कांग्रेस के लिए चुनौती पूर्ण साबित होगा। देपालपुर की बात करें तो यह सीट कांग्रेस की है, लेकिन दो पटेल परिवारों की आपसी खींचतान में हमेशा भाजपा चुनाव जीत जाती है। देपालपुर भी इस बार आसान नहीं है। पूर्व विधायक विशाल पटेल भाजपा में शामिल हो गए, वह खुलकर कांग्रेस का विरोध करेंगे। दूसरा यहां से राधेश्याम, सत्यनारायण पटेल के अलावा मोती सिंह भी ताल ठोक रहे हैं। क्षेत्र क्रमांक 3 में अश्विन जोशी के निधन के बाद कांग्रेस यहां से अनाथ हो गई है। अश्विन जोशी के कार्यकर्ताओं से एक अलग रिश्ते थे, दबंग नेता के रूप में काम करते थे। कार्यकर्ताओं के लिए लड़ने वाला नेता जो अब कार्यकर्ताओं के बीच में नहीं है। पिंटू एक बार फिर मैदान संभाल रहे हैं, लेकिन कार्यकर्ताओं की अनदेखी पिंटू के लिए बड़ी मुसीबत बन सकती है। इंदौर में विधानसभा 2 और 4 में तो कांग्रेस के पास उम्मीदवार ही नहीं है, फिर कैसे कांग्रेस चुनाव लड़ेगी? जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े की भी निष्क्रियता क्षेत्र में बनी हुई है। पैराशूट जिला अध्यक्ष का जिले में जमकर विरोध हुआ, क्योंकि वानखेडे आगर विधानसभा में डटे हुए थे, पार्टी ने उन्हें इंदौर जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बना दिया, जिन्हें क्षेत्र अनुभव नहीं है। वह जिला कांग्रेस का नेतृत्व कर रहे हैं। दबी जुबान से कई कांग्रेसियों ने कहा था कि क्या इंदौर में जिला अध्यक्ष बनने के लायक कांग्रेस के पास कोई नेता नहीं है, लेकिन प्रदेश प्रभारी ने इस बात को नजरअंदाज करते हुए वानखेड़े को जिला अध्यक्ष पद पर बरकरार रखा है। इंदौर जिले की बात करें तो कांग्रेस के लिए पटवारी के अलावा पटेल परिवार भी जिले में दमखम से राजनीति कर रहा है, लेकिन इंदौर से लेकर ग्रामीण अंचल में देखा जाए तो कांग्रेस की हालत बहुत खस्ता है। कार्यकर्ताओं का मनोबल लगातार पार्टी से कम होता जा रहा है, इसलिए जीतू भाई आपको प्रदेश में साइकिल यात्रा की आवश्यकता नहीं है, आप प्रदेश में प्रत्येक जिले के अंदर कांग्रेस को मजबूत करें। कांग्रेस की जमीन तैयार करें, कार्यकर्ताओं को समझे, लड़ने वाले कार्यकर्ताओं को आगे लाए, तब जाकर प्रदेश में कांग्रेस का कल्याण हो सकता है। अभी वर्तमान हालातों में गांव-गांव और शहर में कांग्रेस की जमीन तैयार करने की जरूरत है।




# आईएएस संतोष वर्मा के प्रमोशन के लिए तोड़े गए नियम!

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** • बहुचर्चित आईएएस संतोष वर्मा और तत्कालीन जिला न्यायाधीश विजेंद्र सिंह रावत केस में एक बार फिर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। हाल ही में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने विजेंद्र सिंह रावत को विभागीय कार्रवाई से राहत देने से इनकार करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट के इस फैसले के बाद विशेष जांच दल की चार्जशीट में दर्ज कई चौंकाने वाले तथ्य दोबारा सुर्खियों में आ गए हैं। एसआईटी की चार्जशीट में दोनों के बीच के घटनाक्रम को लेकर क्या बड़े दावे किए गए हैं। एसआईटी की जांच के अनुसार, तत्कालीन जिला न्यायाधीश विजेंद्र सिंह रावत और आईएएस संतोष वर्मा के बीच मोबाइल पर करीब 140 बार बातचीत हुई थी। जांच एजेंसी का दावा है कि इन संपर्कों के बाद ही पूरे मामले में तेजी आई।

चार्जशीट के मुताबिक, 6 अक्टूबर 2020 को दोनों के बीच फोन पर बात हुई और फिर दोनों ने इंदौर के ग्रैंड माचल रिजॉर्ट में मुलाकात की। इसी दिन न्यायाधीश ने कोर्ट से अवकाश लेने का आवेदन भी दिया था।

चार्जशीट में दर्ज टाइम लाइन के अनुसार, आईएएस संतोष वर्मा की विभागीय पदोन्नति को हरी झंडी दिलाने के लिए कानूनी प्रक्रियाओं को कथित तौर पर असाधारण गति से आगे बढ़ाया गया। 7 अक्टूबर 2020 की शाम करीब 5:15 बजे कोर्ट की नकल शाखा से आदेश की दो प्रमाणित कॉपी निकाली गईं। उसी रात 9 बजे संतोष वर्मा को उनके रेजिडेंसी क्षेत्र स्थित निवास के पास फैसले की कॉपी सौंप दी गई। 8 अक्टूबर 2020 की सुबह संतोष वर्मा आदेश की कॉपियां लेकर सामान्य प्रशासन विभाग, भोपाल पहुंच गए और अपना आवेदन पेश कर दिया।

न्यूज ब्रीफ

## जिला कोषालय में समस्या निवारण शिविर 16 एवं 17 जुलाई को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शासकीय कार्यालयों में अकाउंट संबंधी पोर्टल में आने वाली तकनीकी और अन्य समस्याओं के समाधान के लिए जिला कोषालय में 16 एवं 17 जुलाई को विशेष शिविर आयोजित किया गया है। अकाउंट संबंधी पोर्टल IFMIS में आ रही तकनीकी समस्याओं का समाधान इस शिविर में किया जाएगा। यह शिविर 16 एवं 17 जुलाई 2026 को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक कलेक्टोरेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक जी-2 में आयोजित किया जा रहा है।

## एमपीपीएससी प्री-कम-मेन्स परीक्षा 2027 की नि:शुल्क कोचिंग हेतु आवेदन आमंत्रित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) प्री-कम-मेन्स परीक्षा 2027 की तैयारी के लिए नि:शुल्क कोचिंग संचालित की जा रही है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रशिक्षण केन्द्र की सहायक आयुक्त एवं प्राचार्य श्रीमती आशा चौहान ने बताया कि पात्र अभ्यर्थी प्रशिक्षण केन्द्र से आवेदन पत्र प्राप्त कर उसे पूर्ण रूप से भरकर आवश्यक दस्तावेजों सहित शीघ्र संस्थान में जमा करें तथा नि:शुल्क कोचिंग का लाभ प्राप्त करें।

## रक्षा मंत्री ने जावा और येज़्दी मोटरसाइकिलों के राइडर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • कारगिल विजय दिवस के देशव्यापी उत्सव के अवसर पर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक, नई दिल्ली से शौर्य विजय यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# सीएम मोहन यादव फिर बोले इसी सत्र में आएगा यूसीसी

## रामचंद्र की एक शादी तो रहीम से भी यही उम्मीद

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • सीएम डॉ.मोहन यादव नए एक बार फिर यूसीसी को लेकर अपनी नीति साफ कर दी है। सीएम ने कहा कि मानसूत्र सत्र में ही यूसीसी को पास कर लागू किया जाएगा। इस मामले में कांग्रेस को लेकर फिर सीएम ने घेरा। सीएम डॉ. मोहन यादव 15 जुलाई को इंदौर दौरे पर हैं और यहां विकास की सौगातें दे रहे हैं। इस दौरान जिला अस्पताल के 83 करोड़ के नए भवन का लोकार्पण किया। आयोजन के दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी के साथ ही सभी विधायक व अन्य नेता उपस्थित थे।

सीएम ने इस दौरान यूसीसी को लेकर कहा कि जब एक देश तो एक विधान क्यों नहीं। हिंदू एक विवाह करेगा तो उसका विधान अलग, मुस्लिम भाई करेगा तो उसके धर्म के हिसाब से कानून अलग। रामचंद्र जब एक शादी करता है तो फिर रहीम से भी एक ही शादी की अपेक्षा की जा सकती है। मुस्लिम बहनें भी हमारी है और उनके जीवन में कष्ट नहीं आना चाहिए। यूसीसी का यही भाव है।



### इसी विधानसभा में आएगा

सीएम ने कहा कि पूरे प्रदेश में एक समान कानून लाने के लिए विधानसभा की ओर बढ़ रहे हैं। सभी धर्म सम्मान करते हुए एक समान कानून लाने के लिए इसी मानसून सत्र में पास कराने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। इस कानून को चुपचाप भी पारित कर सकते थे लेकिन हमने सभी 55 जिलों, संभाग में कमेटी बनाकर 10 लाख से ज्यादा लोगों से सुझाव लिए।

### कांग्रेस ने की दो मुंही बात- सीएम

सीएम ने आगे कहा कि कमेटी की बैठकों में सभी धर्मों, राजनीतिक दलों के लोग थे। लेकिन यहां भी कांग्रेस नो दोमुंही बात की और बैठकों में शामिल होकर सुझाव नहीं दिए। कांग्रेस हिंदू-मुस्लिम करती है और वोट बैंक की चिंता पालती है। यूसीसी हो या भोजशाला का मुद्दा कांग्रेस हमेशा दो मुंही बात करती है और हमने कहा कि कोर्ट का आदेश का पालन होगा।

## सीएम मोहन जिस अस्पताल का कर रहे उद्घाटन वो आज भी अधूरा, बदल चुके सात कलेक्टर

सीएम मोहन यादव बुधवार 15 जुलाई को इंदौर दौरे पर हैं। सीएम यहां पर तीन बड़े आयोजनों में शामिल होंगे। इसमें एक है जिला अस्पताल। यह अस्पताल साल 2017 से बन रहा है और अभी भी अधूरा है। इस दौरान तीन सीएम और सात कलेक्टर बदल चुके हैं।

इंदौर का जिला अस्पताल (पं. गोविंद वल्लभ पंत जिला चिकित्सालय) सरकारी लेटलतीफी का एक बेहतरीन उदाहरण है। इस अस्पताल के उद्धार के प्रयास साल 2005 से शुरू हुए। साल 2017 में प्रस्ताव मंजूर हुआ और साथ ही 18 करोड़ की राशि भी मंजूर हुई। लेकिन 300 बेडों का यह अस्पताल 9 साल में भी अधूरा है। अभी केवल 34 बेडों के मैटर्निटी वार्ड के साथ इस अस्पताल की शुरुआत हो रही है। बता दें कि साल 1988 में दुग्ध संघ की जर्जर मल्टी में जिला अस्पताल शुरू हुआ था। साल 2005 में नए भवन के लिए बात चली। इसके बाद साल 2017 में जाकर प्रस्ताव को मंजूरी मिली। साथ ही तय हुआ कि 18 करोड़ की लागत से 300 बेडों का अस्पताल बनेगा।




### अभी यह यूनिट नहीं होंगी चालू

वहीं अभी मेडिसिन, हड्डी रोग, जनरल सर्जरी और हार्ट विभाग, यह सभी शुरू नहीं होंगे। इसके लिए समय लगेगा। यह भी तय नहीं है कि इनकी सुविधा कब शुरू होगी। हालांकि अस्पताल शुरू होने से पश्चिमी इंदौर को राहत मिलेगी। साथ ही इससे एमवाय अस्पताल पर भी बोझ कम होगा। अभी महिलाओं को अन्य अस्पतालों में रेफर किया जाता था। यहां शासन ने स्टाफ भी 166 का स्वीकृत कर पदस्थ किया हुआ है।

## सोलर पंप से आगे अब एआई पर दांव, शक्ति पंप्स बनेगी एग्री-टेक कंपनी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • देश की अग्रणी सोलर पंप निर्माता कंपनी शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने अपने कारोबार को अगले चरण में ले जाने की तैयारी शुरू कर दी है। कंपनी ने वैश्विक टेक्नोलॉजी कंपनी सेल्सफोर्स के साथ रणनीतिक साझेदारी कर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन का ऐलान किया है। इस कदम के साथ कंपनी ने साफ संकेत दिए हैं कि वह अब केवल सोलर पंप निर्माता नहीं, बल्कि किसानों के लिए एक संपूर्ण एग्री-टेक सॉल्यूशन प्रोवाइडर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

कंपनी की नई रणनीति के तहत सेल्स, मार्केटिंग, ग्राहक सेवा, डीलर नेटवर्क, फील्ड ऑपरेशन और डेटा एनालिटिक्स को एक ही एआई-संचालित प्लेटफॉर्म पर लाया जाएगा। इसका उद्देश्य किसानों तक सेवाओं की पहुंच तेज करना, शिकायतों का त्वरित समाधान, इंस्टॉलेशन प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना और डीलर नेटवर्क की रियल टाइम निगरानी सुनिश्चित करना है। शक्ति पंप्स का मानना है कि कृषि क्षेत्र में आने वाले वर्षों में प्रतिस्पर्धा केवल उत्पादों की नहीं, बल्कि तकनीक और डेटा आधारित सेवाओं की होगी। इसी को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने एजेंटिक एआई और क्लाउड टेक्नोलॉजी को अपने कारोबारी मॉडल का हिस्सा बनाया है। नई डिजिटल व्यवस्था के तहत कंपनी को पूरे देश में फैले अपने डीलर और सर्विस नेटवर्क पर रियल टाइम विजिबिलिटी मिलेगी।




## मालवा निमाड़ में सौर ऊर्जा उत्पादगन अब 77500 स्थानों पर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षेत्र में सौर ऊर्जा को लेकर बेहतर प्रतिसाद मिला हैं, अब तक पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में 60 हजार से ज्यादा एवं अन्य प्रकार से लगे सोलर को मिलाकर कुल 77 हजार पांच सौ स्थानों पर सौर ऊर्जा उत्पादन हो रहा हैं। कंपनी क्षेत्र में सभी योजनाओं को मिलाकर कुल रूफ टॉप सोलर नेट मीटर क्षमता अब 480 मैगावाट हो चुकी हैं। इंदौर शहर में करीब तीस हजार से ज्यादा स्थानों पर सौर ऊर्जा उत्पादन हो रहा हैं। वहीं इंदौर ग्रामीण क्षेत्र, उज्जैन, रतलाम जिलों में छ:हजार से ज्यादा स्थानों पर सौर ऊर्जा उत्पादन हो रहा हैं।




## मुनि पुंगव 108 सुधा सागर जी महामुनिराज के संभावित चातुर्मास हेतु आवश्यक बैठक आयोजित की गई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के परम प्रभावक शिष्य जगत पूज्य मुनि पुंगव श्री 108 सुधा सागर जी महा मुनिराज का वर्ष 2026 का पावन चातुर्मास इंदौर में होने की संभावना है। इस भव्य ऐतिहासिक चातुर्मास की तैयारी एवं सफल आयोजन हेतु एक अति आवश्यक बैठक बुधवार 15 जुलाई को रात्रि 7:30 बजे जाल सभागृह में आयोजित की गई । दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि इस बैठक में सभी दिगंबर जैन मंदिरों के अध्यक्ष, मंत्री, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी गण, महिला मंडल की सदस्याएं एवं सभी युवा संगठन के साथी सम्मिलित हुए। इस मीटिंग के निवेदक थे सकल दिगंबर जैन समाज इंदौर अशोक दोशी, गिरीश जैन, गिन्नी, धर्मेंद्र जैन सिनकेम, आकाश जैन, कोल सभी का एक मत था कि यह भव्य आयोजन तभी सफल होगा जब इंदौर की समस्त संस्थाएं एक परिवार की भावना से एक मंच पर एकत्रित होकर कार्य करेंगी।




## महिला सहकारिता सम्मेलन संपन्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • सहकार भारती मध्यप्रदेश का महिला सहकारिता सम्मेलन 12 जुलाई को राजधानी भोपाल में आयोजित किया गया जिसमें सहकार भारती के विभिन्न पदाधिकारियों सहित सहकारिता मंत्री विश्वास सारंगजी विशेष रूप से सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में कई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपनी सफलता की कहानी अपने शब्दों में बयां की वहीं उत्कृष्ट सहकारिता के क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को सहकारिता महिला सम्मान से भी सम्मानित किया गया। सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न ज़िलों से क़रीबन चार सौ महिलाओं ने हिस्सा लिया ।सहकार भारती इन्दौर महानगर से बीस महिलायें शामिल हुई। उत्कृष्ट सहकारिता के क्षेत्र में सतत योगदान हेतु इन्दौर महानगर की महिला प्रमुख एवं शुभलक्ष्मी महिला कोआपरेटिव बैंक की पूर्व अध्यक्ष एवं संचालिका उष्मा मालू का सम्मान सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग जी के द्वारा किया गया। स्वयं सहायता समूह में योगदान देने हेतु सह महिला प्रमुख मिनी शर्मा का भी सम्मान किया गया।

## नर्मदा लाइन सुधार के बाद भी आज पानी सप्लाई प्रभावित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • नर्मदा तृतीय चरण की मुख्य पाइपलाइन और बिजली लाइन के सुधार कार्य के कारण गुरुवार को शहर के कई इलाकों में पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी। नगर निगम ने बताया कि बुधवार रात 9 बजे तक दोनों तकनीकी काम पूरे कर लिए गए और सभी पंप दोबारा चालू कर दिए गए हैं। हालांकि टंकियां देर से भरने के कारण कई क्षेत्रों में पानी देर से या कम दबाव से मिलेगा। बिजलपुर, मां विहार, स्कीम-59, बिलावली, भंवरकुआं, खातीवाला, स्नेह नगर, गाड़ी अड्डा, पागनीसपागा, सी.पी. शेखर नगर, एमवाय, पीडब्ल्यूडी, यशवंत क्लब, तुकोगंज, कॉटन अड्डा, भागीरथपुरा, कुलकर्णी का भट्टा, अंबेडकर नगर, बजरंग नगर, नंदा नगर, प्रेस कॉम्प्लेक्स, जनता क्वार्टर, सुखलिया, वीणा नगर, साईकृपा, तपेश्वरी, समर पार्क, लसूडिया, स्कीम-78, राजीव आवास विहार, लोहामंडी, स्कीम-113, स्कीम-136, बिचौली मरदाना, तेजाजी नगर और न्यू रानीबाग सहित आसपास के क्षेत्र।

## स्टोर मैनेजर ने 10 लाख के जूते-कपड़े बेचकर रकम हड़पी, बिना बिल सामान बेचा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • विजयनगर थाना क्षेत्र में सी-21 मॉल स्थित एक शोरूम के स्टोर मैनेजर पर करीब 10 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि उसने बिना बिल के जूते, कपड़े और अन्य सामान बेचकर ग्राहकों से पैसे अपने खाते में ट्रांसफर कराए। विजयनगर पुलिस के मुताबिक, सुयश विहार कॉलोनी निवासी कंपनी मैनेजर सितलेश यादव की शिकायत पर रोशन कुमार यादव के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। रोशन मूल रूप से बिहार का रहने वाला है और सी-21 मॉल स्थित एसिक्स शोरूम में स्टोर मैनेजर था। वह जून 2024 में नौकरी पर रखा गया था और 13 सितंबर 2025 को नौकरी छोड़कर चला गया। इसके बाद उसका मोबाइल भी बंद हो गया। रोशन के जाने के बाद कंपनी ने स्टॉक की जांच कराई। जांच में 65 जोड़ी जूते, 40 कपड़े और 38 एक्सेसरीज गायब मिलीं। इनकी कुल कीमत करीब 9.93 लाख रुपए बताई गई है। शोरूम के कर्मचारियों स्वेता, राहुल, दुर्गेश, पंकज और हेमंत से पूछताछ में सामने आया कि रोशन कई ग्राहकों से कंपनी के खाते की बजाय अपने बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर करवाता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## नीम करौरी धाम इंदौर, पिगडंबर में श्रावण मास में होगा सौ करोड़ राम का नाम जाप

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • नीम करौरी धाम इंदौर, पिगडंबर में श्रावण मास में होगा सौ(100) करोड़ राम का नाम जाप । नीम करौरी धाम इंदौर के संस्थापक प्रमोद झा ने बताया कि इस बार श्रावण मास में दिनांक 30 जुलाई से 28 अगस्त तक सौ (100) करोड़ राम नाम का जाप होगा। साधक आश्रम आकर राम नाम का जाप करेंगे। वहीं प्रत्येक साधक काउंटर मशीन से राम नाम का जाप करेंगें। प्रति शनिवार को जागरण में साधक राम नाम के जाप करेंगें। मंदिर को फूल बंगले के रूप में सजाया जाएगा। पूरे श्रावन मास में राम नाम का जाप, श्री बालाजी महराज के श्रृंगार अभिषेक महारती, ओर प्रसाद वितरण होगा। प्रमोद झा ने बताया कि अग्रसेन सोशल ग्रुप द्वारा पर किया राम नाम का जाप ।



बड़े हर्ष की बात है कि अग्रवाल समाज की अग्रणी संस्था अग्रसेन सोशल ग्रुप के राजेश गर्ग, शशि गर्ग, कमलेश मित्तल, विनोद गोयल ने मंदिर में गुरु पूजन, श्री बालाजी महाराज का पूजन, श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। अंत में सभी सदस्यों ने 21हजार बार राम राम का जाप किया। पर्याप्त पानी के लिए विशेष प्रार्थना की गई।

# शिशुकुंज स्कूल के पानी में भागीरथपुरा कांड वाला कोलीफार्म बैक्टीरिया, फूड सैंपल फेल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर और मप्र के बड़े स्कूल में पहचान रखने वाले शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल के 150 बच्चों के बीमार होने का कारण सामने आ गया है। द सूत्र को मिली एक्सक्लूसिव रिपोर्ट के अनुसार यहां पानी में भागीरथपुरा कांड वाला ही ई कोलाई और कोलीफार्म बैक्टीरिया मिला है।

इंदौर में शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल झलारिया कैंपस में 20 जून को एक साथ करीब 150 बच्चे बीमार हो गए थे। इन्हें उल्टी-दस्त जैसी समस्याएं आई थी। इसके बाद जिला प्रशासन ने दल भेजकर इसकी जांच कराई और किचन को सील कर दिया था। मौके से कई फूड, पानी, आईसक्रीम, मिल्क प्रॉडक्ट के सैंपल लिए गए थे। द सूत्र को मिली एक्सक्लूसिव रिपोर्ट के अनुसार कई सैंपल फेल हुए हैं। इंदौर में दिसंबर-जनवरी के दौरान भागीरथपुरा में दूषित पानी का कांड हुआ था। जिसमें 35 लोगों की जान गई थी। इस बोरिंग के दूषित पानी में ई कोलाई और कोलीफार्म जैसे बैक्टीरिया मिले थे। अब यही बैक्टीरिया शिशुकुंज स्कूल के पानी में मिले हैं। यानी यहां का पानी दूषित पाया गया है। बच्चों के बीमार होने का सबसे अहम कारण यही माना गया है। खुशकिस्मती रही कि बच्चों ने पानी कम मात्रा में पिया। वहीं बैक्टीरिया की संख्या में इतनी अधिक नहीं मिली कि जान को खतरा होता लेकिन इससे एक साथ 150 बच्चों को बीमार कर दिया।




### सोयाबीन तेल, नमकीन सब फेल

वहीं प्रशासन की टीम ने मौके से कई फूड सेंपल भी लिए थे। इसमें सोयाबीन तेल का सेंपल भी फेल हो गया, हालांकि यह मानक स्तर से थोड़ा ही नीचे आया और इसका कारण भी तेल जिसमें आया वह कंटेनर बताया गया है। वहीं नमकीन एक्सपायर्ड डेट का था, वह भी सैंपल फेल हुआ है।

### आईसक्रीम में भी मिली गड़बड़ी

वहीं पानी के बाद सबसे ज्यादा आपत्ति आईसक्रीम को लेकर आई है। आईसक्रीम के ट्रांसपोर्टेशन में लापरवाही बरती गई। अमूल कंपनी की ये आईसक्रीम तापमान में पिघल गई और फिर इसे फ्रीजर में रखा गया और जमाया गया। इस दौरान यह खराब हो गई। अधिक खराब होने पर इसमें भी लिस्टीरिया जैसे हानिकारक बैक्टीरिया डेवलप हो जाते हैं। आईसक्रीम के भी सैंपल फेल हुए हैं।

### पानी के लिए आरओ फिर क्यों हुआ दूषित

स्कूल मैनेजमेंट कमेटी ने द सूत्र को बताया कि यहां पूरा पानी इंडस्ट्रियल आरओ का उपयोग होता है। फूड सामग्री पूरी तरह से बदल दी है। हमारे यहां ओपन किचन है कोई भी कभी भी आकर भोजन कर सकता है।

# 48 घंटे में गौतमपुरा पुलिस ने किया अंधेकत्ल का खुलासा, दोस्त ने ही दोस्त को उतारा मौत के घाट

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर • दैनिक इंदौर संकेत**

शराब के नशे में कई अपराधों की कहानियां सामने आती रही हैं । ऐसा ही एक सनसनीखेज मामला गौतमपुरा थाना क्षेत्र में सामने आया, शराब ने कई घरों को उजाडा है और उसके नशे में अभी तक कई हत्याओं के मामले हम आए दिन सुनते आए हे बस वही वाक्या और कहानी अब इन्दौर जिले के देहात थाना क्षेत्र गौतमपुरा में भी रची जा चुकी है, अपने ही दोस्त ने दोस्त को उतारा मौत के घाट और कर डाली हत्या । बीते दो दिन पहले 12 जुलाई रविवार को गौतमपुरा बछोड़ा रोड स्थित एक खेत में पुलिस को खून से सनी लाश मिली, जिसका चेहरा पूरी तरह बिगड़ा हुआ था पुलिस की मिली शिनाख्त करने पर मृतक की पहचान बाबूलाल राठौर निवासी धोबी मोहल्ला की हुई । मृतक के पास से शराब की बोतल, बीडी, माचिस, ओर खून से सना लोहे का एंगल बरामद हुआ था रात के अंधेरे में हुवे एक मजदूर के अंधे क़त्ल की गुत्थी को सुलझाने में पुलिस को मात्र 48 घंटे लगे।

पुलिस ने सीसी टीवी फुटेज के आधार पर मंगलवार देर शाम निर्मल ग्राम बछोड़ा निवासी दीपक पिता भरत गुर्जर (22) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दीपक ने अपने साथी बाबूलाल की हत्या करना कबूला ओर पुलिस को सारा घटनाक्रम बताया बुधवार को एडिशनल एसपी राज कृष्णा,एसडीओपी संघप्रिय सम्राट, ओर थाना प्रभारी अलका मैनिया ने इस अंधे क़त्ल का खुलासा करते हुवे बताया कि 11 जुलाई के दरमियान की रात बाबूलाल पिता कचरूलाल राठौर (42) निवासी धोबी मोहल्ला अपने साथी दीपक गुर्जर के साथ शराब पीने बछोड़ा रोड स्थित एक खेत पर पहुंचा था । दोनों ने साथ बैठकर जम कर शराब पी और इसी दौरान मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो देखी इस बीच आरोपी दीपक अपना आपा खो बैठा ओर बाबूलाल से अप्राकृतिक कृत्य करने का दबाव बनाने लगा । बाबूलाल ने इसका विरोध किया और बार-बार मना करता रहा, इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हुई, इस दौरान दीपक ने बाबूलाल के पेंट का बेल्ट निकला ओर उसी से बाबूलाल का गला घोट दिया बाबूलाल ने शराब इतनी पी रखी थी कि वह अपना बचाव नहीं कर सका इस बीच दीपक ने खेत में पड़े एक लोहे के एंगल को उठाया और बाबूलाल के चहरे पर बार बार वार किया ओर उसे मार कर मौके से भाग निकला। इधर सुबह जब बाबूलाल का शव मिला तो पूरे नगर में सनसनी फैल गई इधर पुलिस ने क्षेत्र में लगे 100 से ज्यादा सीसी टीवी फुटेज खंगाले फुटेज में सामने आया कि मुक्ति धाम के पास वाली शराब दुकान से बाबूलाल ओर दीपक दोनों रात 9: 06 बजे बाद शराब लेकर एक मोटर साइकिल पर सवार होकर बछोड़ा रोड की ओर निकले इस आधार पर पुलिस आरोपी तक पहुंची ओर उसे धर दबोचा ।

**टीम को मिलेगा पुरस्कार** - हत्या की गुत्थी सुलझाने में थाना प्रभारी अलका मैनिया, एएसआई नरेन्द्र सिंह भदौरिया, प्रधान आरक्षक नीरज यादव, आरक्षक नरसिंह परमार, दीपक धाकड़, राकेश जाटवा, चंद्रशेखर सोलंकी, रवि शर्मा, सैनिक रामसिंह और साइबर सेल इंदौर ग्रामीण के आरक्षक रवि तिवारी की विशेष भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार वर्मा ने पूरी टीम को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की है।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, गुरुवार 16 जुलाई 2026

# कांग्रेस की 200 किमी लंबी जेन-जी साइक्लोथॉन पूरी

**भोपाल (एजेंसी)** • मध्य प्रदेश कांग्रेस द्वारा युवाओं को जोड़ने के उद्देश्य से निकाली गई 200 किलोमीटर लंबी जेन-जी साइक्लोथॉन बुधवार को भोपाल में पूरी हुई। दो दिवसीय इस साइकिल यात्रा के समापन कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी शामिल हुए। इस दौरान नेताओं ने युवाओं से जुड़े मुद्दों, शिक्षा व्यवस्था और रोजगार को लेकर सरकार पर सवाल उठाए।



### हरीश चौधरी ने केंद्र सरकार पर बोला हमला

समापन समारोह को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी ने संघ के सामने धर्म को झुका दिया और परीक्षाओं की व्यवस्था को बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि देश का युवा आज रोजगार और बेहतर शिक्षा व्यवस्था चाहता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ियों और देरी से युवाओं में निराशा बढ़ रही है। कांग्रेस युवाओं के मुद्दों को लेकर लगातार आवाज उठाती रहेगी।

### जीतू पटवारी ने उठाया पेपर लीक का मुद्दा

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर सरकार पर हमला बोला। उन्होंने पेपर लीक और भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इससे लाखों युवाओं के भविष्य पर असर पड़ रहा है। पटवारी ने कहा कि युवाओं को पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था और रोजगार के बेहतर अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रही है।

### दो दिन में तय किया 200 किलोमीटर का सफर

जेन-जी साइक्लोथॉन का उद्देश्य युवाओं से संवाद करना और उनके मुद्दों को सामने लाना था। दो दिनों में कार्यकर्ताओं और युवाओं ने करीब 200 किलोमीटर की दूरी तय की। साइक्लोथॉन के दौरान शिक्षा, रोजगार, संविधान और युवाओं से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह अभियान केवल एक यात्रा नहीं बल्कि युवाओं की आवाज को सामने लाने का प्रयास है। साइक्लोथॉन का समापन भोपाल में एलबीएस हॉस्पिटल के पास किया गया। यहां बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और युवा मौजूद रहे। नेताओं ने कहा कि आने वाले समय में भी युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर अभियान जारी रखा जाएगा। समापन कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं के बयानों के बाद प्रदेश की सियासत भी गर्मा गई है। अब देखना होगा कि कांग्रेस के इन आरोपों पर भाजपा की ओर से क्या प्रतिक्रिया सामने आती है।

## न्यूज ब्रीफ

### जन्माष्टमी की तैयारियों के लिए यादव अहीर संगठनों की बैठक रविवार को

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर जिला यादव अहीर समाज केन्द्रीय समिति के तत्वावधान में कुलदेवता भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में इस बार रजत जयंती वर्ष के प्रसंग पर परंपरागत शोभायात्रा का आयोजन शुक्रवार 4 सितम्बर को होगा। समिति के संरक्षक दीपू यादव एवं अध्यक्ष ओंकार यादव ने बताया कि जुलूस की तैयारियों पर विचार मंथन के लिए यादव अहीर समाज के सभी प्रमुख संगठनों की बैठक रविवार, 26 जुलाई को चिमनबाग स्थित स्काउट मैदान एवं सभागृह पर रखी गई है। यादव अहीर संगठनों से आग्रह किया गया है कि वे इस बैठक में उपस्थित होकर रजत जयंती वर्ष के उत्साह और उल्लास के अनुरूप इस जुलूस को भव्य, अनुशासित और आकर्षक बनाने के लिए अपने बहुमूल्य सुझावों एवं विचारों से भी अवगत कराएं।

### इस्कॉन मंदिर में भी सैंकड़ों भक्तों ने की मंदिर की सफाई एवं धुलाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • निपान्या स्थित इस्कॉन मंदिर पर जगन्नाथपुरी की तर्ज पर बुधवार गुडिचा मार्जन अर्थात मंदिर की सफाई का अभियान चलाया गया, जिसमें इस्कॉन इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास एवं अन्य संतों के मार्गदर्शन में सैकड़ों भक्तों ने भगवान जगन्नाथ एवं राधा गोविन्द मंदिर की साफ सफाई एवं धुलाई कर भगवान की सेवा की। स्वामी महामनदास ने कहा कि चैतन्य महाप्रभु ने भी स्वयं झाड़ू लगाकर यह प्रेरणा दी है कि भगवान की सेवा का कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता। बाहरी सफाई की तरह अंतर्मन की शुद्धि भी जरुरी है। निपान्या स्थित इस्कॉन मंदिर पर आज से भगवान के पट खोल दिए गए हैं। जगन्नाथपुरी की तर्ज पर भगवान अब बुखार से मुक्त होकर स्वस्थ हो गए हैं इसलिए बुधवार को सफाई एवं धुलाई सहित अन्य सेवाकार्य भी किए गए जिनमें श्रीनिकेतन दास, अद्विधरण दास, गिरधर गोपाल दास, विशाल प्रभु, अच्युत गोपाल दास, रणधीर दास, कृष्णा देवी दासी और रथ यात्रा के संयोजक हरि अग्रवाल किशोर गोयल, अशोक गोयल, भावेश दवे और गुरुकुल के विद्यार्थियों सहित सैंकड़ों भक्तों ने भाग लिया।

### गीता भवन में आज से भागवत ज्ञान यज्ञ का दिव्य अनुष्ठान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • गीता भवन में भक्त मंडल एवं अखंड प्रणव योग वेदांत पारमार्थिक न्यास के तत्वावधान में श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का दिव्य आयोजन 16 से 22 जुलाई तक प्रतिदिन वृन्दावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी प्रणवानंद सरस्वती के श्रीमुख से होगा। भक्त मंडल के राजेंद्र माहेश्वरी, कमल राठी, मनोज गुप्ता एवं सुनील तिवारी ने बताया कि ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ 16 जुलाई को गीता भवन परिसर में भागवतजी की शोभा यात्रा के साथ होगा। कथा में पहले दिन 16 को परीक्षित जन्म, 17 को ध्रुव चरित्र, 18 को वामन अवतार, 19 को राम एवं कृष्ण जन्मोत्सव, 20 को गोवर्धन पूजा, 21 को रुक्मणी विवाह एवं सुदामा चरित्र तथा 22 जुलाई को परीक्षित मोक्ष सहित विभिन्न प्रसंगों की कथा के बाद 23 जुलाई को सुबह हवन-पूजन के साथ समापन होगा। इस दौरान स्वामी भारतानंद सरस्वती, स्वामी पूर्णानंद सरस्वती, स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती, स्वामी ब्रजेशानंद सरस्वती, स्वामी अतुलानंद, ब्रह्मचारी ज्ञानेश चेतन्य, ब्रह्मचारी पंढरीनाथ, ब्रहमचारी योगेश, ब्रह्मचारी कन्हैया सहित अनेक जाने-माने संत-विद्वान भी इस अनुष्ठान में शामिल होंगे।

## श्री सीता सर्वेश्वर राम दरबार का हुआ विशेष श्रृंगार, हजारों भक्तों को महाप्रसादी का किया वितरण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • रघुनाथ पुरम स्थित श्री सीता सर्वेश्वर राम मंदिर में आषाढ़ अमावस्या के अवसर पर भगवान का विशेष श्रृंगार किया। हजारों भक्तों को महाप्रसादी का वितरण किया। अग्र मलूकपीठाधीश्वर स्वामी श्री राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में आयोजन हुए। महंत जानकी बल्लभ दास महाराज, अशोक बिदासरिया ने बताया कि अमावस्या के अवसर पर शाम को भगवान श्री सीता सर्वेश्वर राम दरबार की महाआरती हुई। श्री राम मंदिर धार्मिक एवम पारमार्थिक ट्रस्ट द्वारा हजारों भक्तों को महाप्रसादी का वितरण किया, भक्तों ने कतार में लगकर प्रसादी ली। मंदिर में हर अमावस्या पर महाप्रसादी का वितरण किया जाता है। महामंडलेश्वर रामगोपाल दास महाराज मोजूद रहे।



## पीडब्ल्यूडी में इंटरनल ऑडिट से करप्शन पकड़ेंगे, चीफ इंजीनियर की टीम करेगी डिवीजन ऑफिस की जांच

**भोपाल (एजेंसी)** • प्रदेश भर में लोक निर्माण विभाग के सभी संभागीय कार्यालयों में इंटरनल ऑडिट होगी। इसके जरिए विभाग निर्माण कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और वित्तीय अनुशासन की स्थिति लाना चाहता है। ऑडिट के दौरान निर्माण कार्य स्वीकृति से लेकर भुगतान और परफॉर्मेंस गारंटी तक सभी प्रमुख बिंदुओं की जांच की जाएगी। इससे सड़क निर्माण की गुणवत्ता बेहतर होगी, क्योंकि कार्यों की तकनीकी और वित्तीय जांच होगी। इंटरनल ऑडिट में यह देखा जाएगा कि टेंडर प्रक्रिया तय नियमों एवं शासन के निर्देशों के अनुरूप हुई या नहीं हुई। जारी होने के बाद समय-सीमा में अनुबंध किया गया या नहीं किया गया। साथ ही बिलों का भुगतान शासन के सिद्धांत के अनुसार हुआ है या अपने चहेतों को फायदा पहुंचाने की नीति अपनाई गई है। इसके अलावा अतिरिक्त कार्यों की स्वीकृति एवं भुगतान वित्त विभाग के निर्देशों के अनुरूप हुआ या नहीं, इसकी भी जांच की जाएगी। निर्देशों में कहा गया है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा मुख्य अभियंता स्तर पर निरीक्षण दल गठित किए जाएंगे। ये दल संभागीय कार्यालयों का निरीक्षण कर रिकॉर्ड एवं निर्माण कार्यों की जांच करेंगे। निरीक्षण के बाद प्रतिवेदन विभाग को सौंपा जाएगा तथा आवश्यक होने पर सुधारात्मक कार्रवाई भी की जाएगी। विभाग का मानना है परीक्षण की जांच से सड़कों की गुणवत्ता पर निगरानी मजबूत होगी, जिससे नागरिकों को अधिक टिकाऊ और सुरक्षित सड़कें मिल सकती हैं। समय-वृद्धि और अतिरिक्त कार्यों की समीक्षा से अनावश्यक लागत बढ़ने पर नियंत्रण रहेगा।

## अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के चुनाव में पहले ही दिन अध्यक्ष पद के प्रत्याशीको जान से मारने की धमकी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शालीन, संस्कारित और शांतिप्रिय माने जाने वाले अग्रवाल समाज की शीर्ष संस्था श्री अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के 26 जुलाई को होने वाले द्विवार्षिक चुनाव में 'जय अग्रसेन खाटू श्यामजी पैनल' से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी श्याम सुन्दर गोयल (संजय गोयल अनाज मंडी) को आज सुबह 9.11 बजे कमल अग्रवाल नामक एक व्यक्ति द्वारा मोबाइल नंबर 94253-16858 से कॉल कर के गंदी-गंदी गालियाँ देते हुए उन्हें एवं उनके परिवार को जान से मारने और शाम तक अध्यक्ष पद से अपना नाम वापस नहीं लेने पर बर्बाद कर देने की धमकियां दी गई। गोयल ने इस पूरे घटनाक्रम से तत्काल पुलिस आयुक्त संतोष सिंह को अवगत कराते हुए उनसे इस अपराध में शामिल कमल अग्रवाल, दिनेश बंसल, राजेश बंसल पम्प एवं पवन गोयल के खिलाफ क़ानूनी कार्रवाई कर उन्हें तथा उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। पैनल संयोजक गणेश गोयल एवं गोविन्द सिंघल ने बताया कि केन्द्रीय समिति के चुनाव में जय अग्रसेन खाटू श्यामजी पैनल के प्रत्याशियों ने मंगलवार से ही अपना शांतिपूर्ण जनसंपर्क प्रारम्भ किया है। सभी प्रत्याशी मंगलवार को सुबह खजराना गणेश मंदिर पहुंचे और गणेशजी एवं कुलदेवी महालक्ष्मी से समाज में खुशहाली, सदभाव और समृद्धि के साथ ही सबको सदबुद्धि देने की प्रार्थना की थी लेकिन इस पैनल को मिल रहे भरपूर समर्थन से बौखला कर प्रतिद्वंदी पैनल के समर्थक कमल अग्रवाल ने इस पैनल के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी संजय अग्रवाल मंडी को उनके मोबाइल पर व्हाट्सअप कॉल लगाकर गालियाँ देते हुए उन्हें तबाह और बर्बाद करने की धमकियां दी तथा चेतवानी दी की आज शाम तक यदि उन्होंने इस चुनाव से अपना नाम वापस नहीं लिया तो उन्हें या उनके परिवार के सदस्यों को जान से मार दिया जाएगा।

### गुरुदेव राष्ट्र संत सुधा सागर का मंगल आगमन!

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • परम पूज्य, राष्ट्रसंत, निर्यापक मुनि पुंगव 108 श्री सुधा सागर जी महाराज का पावन एवं भव्य मंगल प्रवेश सर सेठ हुकुमचंद जी की धर्म नगरी इंदौर में होने जा रहा है। सांसद के मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि राष्ट्र संत सुधा सागर जी महामुनि राज संसघ का वर्ष 2026 का ऐतिहासिक वर्षायोग चातुर्मास* इंदौर नगर की पुण्यभूमि पर सुनिश्चित हुआ है। यह हम सभी नगर वासियों के लिए अत्यंत गौरव, सौभाग्य और धर्मलाभ का अद्वितीय अवसर है। सांसद के सर्व मान्य अध्यक्ष आनंद नवीन गोधा ने कहा कि इस ऐतिहासिक अवसर पर पूज्य गुरुदेव संसघ की भव्य मंगल अगवानी , विहाररत गुरुवर संसघ की सुनियोजित तैयारियों हेतु एक महत्वपूर्ण *धर्मसभा*बेठक आहुत की गई है। सांसद के महामंत्री हर्ष जैन ने जानकारी देते हुए कहा कि नगर के समस्त जिनालयों के सांसद एवं प्रतिनिधि, पुलक जन चेतना मंच, समस्त युवा संगठन एवं समस्त मुनि भक्त मंडल एवं सकल दिगम्बर जैन समाज।

## श्रीविद्याधाम पर गुप्त नवरात्रि महोत्सव में शतचंडी अनुष्ठान शुरू, 21 विद्वान कर रहे माँ की आराधना

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर आषाढ़ गुप्त नवरात्रि महोत्सव की शुरुआत बुधवार को सुबह आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य एवं आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में घटस्थापना के साथ हुई। गुप्त नवरात्रि में यहाँ प्रतिदिन शतचंडी अनुष्ठान होगा, जिसमें 21 विद्वान नियमितरूप से दुर्गा सप्तशती पाठ से भगवती माँ ललिता त्रिपुर सुंदरी पराम्बा की आराधना करेंगे। शतचंडी अनुष्ठान प्रतिदिन सुबह 10 से 12 बजे तक होगा। आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेंद्र महाजन ने बताया कि गुप्त नवरात्रि में माँ दुर्गा के जिन 10 स्वरूपों की साधना की जाती है, उन्हें दस महाविद्या कहा जाता है। इनमें धन और समृद्धि की देवी माँ कमला, संकटों से तारने वाली माँ तारा, शत्रुओं पर विजय दिलाने वाली माँ बगलामुखी, काल और भय का नाश करने वाली माँ काली, ऐश्वर्य और सौन्दर्य की देवी माँ त्रिपुर सुंदरी, दरिद्रता का शमन करने वाली माँ धूमावती, दसों दिशाओं की रक्षक माँ भैरवी, ब्रह्मांड की स्वामिनी माँ भुवनेश्वरी, कला और बुद्धि की प्रदाता माँ मातंगी और अदम्य साहस एवं ऊर्जा की देवी माँ छिन्नमस्ता की आराधना शामिल है। विद्याधाम पर परम्परा के अनुरूप गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्या की आराधना हो रही है। प्रतिदिन भगवती का नित्य नूतन श्रृंगार भी किया जा रहा है। आचार्य पं. राजेश शर्मा ने बताया कि आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि में साधकों द्वारा गुप्त रूप से कठिन साधनाएँ की जाती हैं, इसलिए इसे गुप्त नवरात्रि कहा जाता है। इस बार लम्बे समय से कर्ज में डूबे अथवा व्यापार में घाटा झेल रहे या अज्ञात बाधाओं से परेशान जातकों के लिए यह एक बड़ा अवसर है, जब वे नियमपूर्वक माँ दुर्गा की पूजा, अर्चना एवं साधना कर अपने कष्टों से मुक्ति पा सकते हैं।

## नेशनल योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में मप्र उपविजेता



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • डब्ल्यूवायएसएफ इंडिया योग स्पोर्ट्स फेडरेशन के तत्वावधान में मध्यप्रदेश योगा एसोसिएशन द्वारा मंदसौर में आयोजित 11वीं नेशनल योग स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पश्चिम बंगाल की टीम ओवरऑल चैंपियन रही, जबकि गुजरात की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । एसोसिएशन के सचिव गुलाब सिंह चौहान ने बताया कि मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत मुकाबलों में 3 स्वर्ण, 3 रजत व 1 कांस्य पदक जीता । टीम मुकाबलों में बालक मिनी टीम विजेता, जूनियर टीम उपविजेता तथा सब जूनियर टीम तृतीय स्थान पर रही । बालिका वर्ग में मिनी व सब जूनियर टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । व्यक्तिगत मुकाबलों के बालक वर्ग में मिनी आयु वर्ग के वीर गुप्ता ने रजत, सीनियर वर्ग में आदित्य राज सोनी ने स्वर्ण व कीर्तन गहलोत ने रजत पदक जीता । बालिका वर्ग में सब जूनियर की महिका सिसोदिया ने रजत, जूनियर वर्ग की देवीशी गुप्ता ने स्वर्ण व नित्या भदोरिया ने कांस्य तथा सीनियर वर्ग की मानसी बागोरा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया ।

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत

## आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

**कार्यालय का पता**

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर

**संपर्क: 94250-64357, 94245-83000**

## सम्पादकीय

### जेल से गिरोह चलाने का सिलसिला पुराना, लॉरेंस बिश्नोई मामले ने खोली सुरक्षा तंत्र की पोल

उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद पुलिस ने हथियारों की तस्करी के एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिसे दिल्ली की तिहाड़ जेल से संचालित किया जा रहा था। यह विचित्र बात है कि जेल में बंद होने पर भी कुख्यात कैदी अपने गिरोह के जरिए आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहते हैं और कारागार प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लग पाती है! मामला चाहे नशीले पदार्थों के काले कारोबार का हो, रंगदारी वसूलने एवं लक्षित हत्या का हो या फिर अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त का, ऐसी तमाम वारदात की साजिश सलाखों के पीछे रहते हुए रचे जाने की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। हाल ही में उत्तर प्रदेश की गाजियाबाद पुलिस ने हथियारों की तस्करी के एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिसे दिल्ली की तिहाड़ जेल से संचालित किया जा रहा था। गिरोह के तीन तस्करों की गिरफ्तारी के बाद यह खुलासा हुआ है। इस गिरोह का जाल इतना बड़ा था कि वे दिल्ली-एनसीआर सहित उत्तर भारत के कई राज्यों में हथियारों की खेप पहुंचाते थे। सवाल है कि जेल में कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच कोई कैदी किस तरह गिरोह को चलाता है और उसे दिशा-निर्देश देता है। गौरतलब है कि जेल में बंद किसी कैदी की ओर से अपने गिरोह के जरिए रंगदारी, फिरौती और हत्या को अंजाम देने जैसे मामले पहले भी कई बार सामने आ चुके हैं। बावजूद इसके अभी तक ऐसा कोई तंत्र विकसित नहीं किया जा सका, जिससे ऐसे कैदियों की गतिविधियों पर स्थायी रूप से अंकुश लगाया जा सके। देश के एक लाख से अधिक स्कूलों में केवल एक ही टीचर, कैसे सुधरेगी शिक्षा व्यवस्था? पिछले दिनों अमेरिका के न्याय विभाग ने अपने आरोपपत्र में गुजरात की जेल में बंद कुख्यात अपराधी लॉरेंस बिश्नोई पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। जाहिर है कि जेल कर्मियों की लापरवाही या फिर मिलीभगत के बिना यह सब संभव नहीं हो सकता। ऐसे में यह सवाल महत्वपूर्ण है कि क्या एक ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करने की जरूरत नहीं है, जिससे कैदियों को किसी भी दशा में संचार की सुविधाएं हासिल न हों। तिहाड़ जेल जैसे अति सुरक्षित और आधुनिक कारागार में भी अगर कोई कैदी कई राज्यों में अवैध हथियारों की तस्करी में संलिप्त हो, तो समझा जा सकता है कि हमारे सुरक्षा तंत्र में किस तरह की खामियां हैं।

# श्रीजगन्नाथपुरी धाम और विश्वप्रसिद्ध रथयात्रा

भारत की पूर्व दिशा में, ओडिशा के समुद्र तट पर स्थित श्री श्री जगन्नाथपुरी धाम का महात्म्य अद्वितीय है। वर्तमान भव्य जगन्नाथ मंदिर का निर्माण 12वीं शताब्दी में, सन् 1147 से 1178 ई. के मध्य, पूर्वी गंग वंश के शासकों द्वारा कराया गया था। मान्यता है कि गंगवंश के राजा स्वयं को भगवान श्रीकृष्ण का वंशज मानते थे। लाल बलुआ पत्थर से बना यह मंदिर कलिंग स्थापत्य कला, वास्तुशिल्प और मूर्तिकला का बेजोड़ नमूना है। आषाढ़ शुक्ल द्वितीया की रथयात्रा और सातवें दिन मौसीबाड़ी से वापसी की बहुड़ा यात्रा विश्वभर में प्रसिद्ध है।



#### नीलमाधव से जगन्नाथ तक

सतयुग की कथा है कि अवंतिका नगरी के सूर्यवंशी राजा इंद्रद्युम्न परम विष्णुभक्त थे। उनकी हार्दिक इच्छा थी कि वे अपने राज्य में भगवान विष्णु का एक विशाल और दिव्य मंदिर बनवाएं। उन्हें ज्ञात हुआ कि नीलगिरि वन के नीलांचल पर्वत पर स्थानीय शबर जनजाति भगवान विष्णु के नीलमाधव नामक नीलवर्णी पाषाण विग्रह की पूजा करती है। कहा जाता है कि नीलमाधव के दर्शन मात्र से रोग, शोक और दरिद्रता दूर हो जाती थी।

राजा ने अपने कई मंत्रियों को विग्रह का पता लगाने भेजा, परंतु सभी असफल लौटे। अंत में ब्राह्मण विद्वान विद्यापति को यह कार्य सौंपा गया। विद्यापति नीलगिरि के घने जंगल में पहुंचे। वहां उनकी भेंट शबर राजा विश्ववसु की पुत्री ललिता से हुई। विद्यापति ने ललिता से विवाह किया और इस प्रकार विश्ववसु का विश्वास अर्जित किया। धीरे-धीरे उन्होंने नीलमाधव के गुप्त स्थान का रहस्य जान लिया और राजा इंद्रद्युम्न को सूचित किया।

जब राजा सेना सहित नीलांचल पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि नीलमाधव का विग्रह वहां से अंतर्धान हो चुका है। तब आकाश से देववाणी हुई- 'हे राजन, नीलमाधव अब तुम्हें इस रूप में प्राप्त नहीं होंगे। समुद्र तट पर, जहां बांकी नदी सागर से मिलती है, वहां एक दिव्य दारु-काष्ठ, अर्थात लकड़ी का लट्ठा तैरता हुआ आएगा। उसी से विग्रह का निर्माण कर मंदिर में स्थापित करो।'

राजा को वह दारु-काष्ठ प्राप्त हो गया, परंतु उनके मन में बसा स्वरूप गढ़ने वाला कोई शिल्पी नहीं मिला। तब स्वयं विश्वकर्मा एक वृद्ध बढ़ई के वेश में आए और कहा, 'मैं 21 दिन में विग्रह बना दूंगा। शर्त यह है कि निर्माण कक्ष को कोई न खोले और कोई प्रश्न न पूछे।'

15 वें दिन रानी गुंडिचा की जिज्ञासा प्रबल हो उठी। वे चुपके से कक्ष में झांकने गईं। उसी क्षण ठक-ठक की ध्वनि बंद हो गई और विश्वकर्मा अंतर्धान हो गए। भीतर तीन अपूर्ण विग्रह थे, जिनके हाथ-पैर नहीं बने थे। एक गौर वर्ण, एक श्याम वर्ण और एक देवी स्वरूप।

राजा शोक में डूब गए। पुन: आकाशवाणी हुई- 'इन अपूर्ण विग्रहों को ही मेरी इच्छा मानो। इन्हें बलभद्र, जगन्नाथ और सुभद्रा के रूप में स्थापित करो। प्रत्येक 12 वर्ष बाद नवकलेवर की परंपरा के अनुसार नए दारु-काष्ठ से विग्रह बनाना और क्योंकि तुमने मुझे आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को देखा, अत: इसी दिन रथ पर विराजमान कर समस्त प्रजा को दर्शन और स्पर्श का अधिकार देना।'

राजा ने मंदिर बनवाया, ब्रह्मा जी से प्राण प्रतिष्ठा कराई और विग्रह स्थापित किए। रानी गुंडिचा ने मंदिर के निकट अपना निवास बनवाया। यह तय हुआ कि रथयात्रा में भगवान सात दिन मौसीबाड़ी में विश्राम करेंगे। इसी कारण गुंडिचा को मौसी कहा गया और उनके आवास को गुंडिचा मंदिर या मौसीबाड़ीनाम मिला। राजा ने इंद्रद्युम्न सरोवर भी बनवाया।

द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण, बलराम और सुभद्रा स्वयं इस श्रीक्षेत्र में आए। उनके बाद भी यह स्थान पुरुषोत्तम क्षेत्र, शंख क्षेत्र और नीलांचल धाम के नाम से प्रसिद्ध रहा। कलियुग में विद्वानों ने इन तीनों विग्रहों को जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रूप में प्रतिष्ठित किया।

विश्व में जगन्नाथपुरी ही एकमात्र ऐसा धाम है जहां अपूर्ण और बिना हाथ-पैर के विग्रहों की पूजा होती है और वह भी परम फलदायी मानी जाती है।

#### रथयात्राः छुआछूत से मुक्ति का महोत्सव

मंदिर में वर्षभर श्रीविग्रहों को स्पर्श करना वर्जित है। केवल सात्विक आचरण वाले भक्त ही गर्भगृह में प्रवेश कर सकते हैं। मंदिर का महाप्रसाद मिट्टी की हांडी में मिलता है। सभी भक्त बिना किसी भेदभाव के, भूमि पर बैठकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। इसी कारण यह उक्ति प्रचलित हुई- 'जगन्नाथ का भात, जगत पसारे हाथ। जात-पात पूछे नहीं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई।'

प्राचीन समय में मंदिर में दलितों और कोढ़ी रोगियों का प्रवेश निषिद्ध था। भगवान की प्रेरणा से पुजारियों को यह बोध हुआ कि प्रभु सबके हैं। अत: रथयात्रा की परंपरा आरंभ हुई ताकि मार्ग में सभी जाति, धर्म और वर्ग के लोग भगवान को छू सकें, रथ की रस्सी खींच सकें और पुण्य लाभ ले सकें। इस प्रकार रथयात्रा सामाजिक समरसता और समानता का सबसे बड़ा सार्वजनिक मंच बन गई।

#### रथ निर्माणः शास्त्र और श्रद्धा का संगम

प्रतिवर्ष अक्षय तृतीया से रथ निर्माण का कार्य आरंभ होता है। इसे महाराणा विश्वकर्मा बढ़ई समुदाय की पीढ़ियां करती आ रही हैं। रथ बनाने में नीम, फासी और सागौन की लकड़ी प्रयुक्त होती है। लोहे की एक भी कील का प्रयोग नहीं होता।

रथयात्रा के लिए तीन रथ बनाए जाते हैं जिन्हें नंदिघोष, तालध्वज और दर्पदलन कहा जाता है।

- **नंदिघोषः** भगवान जगन्नाथ का रथ, ऊंचाई 45 फीट, 16 पहिए, पीले वस्त्र।
- **तालध्वजः** बलभद्र का रथ, ऊंचाई 44 फीट, 14 पहिए, नीले वस्त्र।
- **दर्पदलनः** देवी सुभद्रा का रथ, ऊंचाई 43 फीट, 12 पहिए, लाल और काले वस्त्र।

लगभग 1090 मीटर कपड़े से रथों को सजाया जाता है। प्रत्येक रथ के सारथी, रथपाल और द्वारपाल नियुक्त होते हैं। नारियल की छाल से बने मोटे रज्जु रथ खींचने के लिए लगाए जाते हैं। रथों के ध्वजों के नाम भी निश्चित हैं। नंदिघोष का ध्वज त्रिलोक्य मोहिनी, तालध्वज का उन्मानी और दर्पदलन का नदंबिका कहलाता है।

#### यात्रा क्रम और अन्य महत्वपूर्ण अनुष्ठान

- **स्नान यात्राः** ज्येष्ठ पूर्णिमा को 108 स्वर्ण कलशों के सुगंधित जल से तीनों विग्रहों का सार्वजनिक स्नान होता है।
- **अनासरः** स्नान के बाद भगवान 15 दिन तक ज्वरग्रस्त माने जाते हैं। इस अवधि में दर्शन बंद रहते हैं और विग्रहों की विशेष औषधि से सेवा होती है।
- **नवयौवन दर्शनः** आषाढ़ अमावस्या को भगवान स्वस्थ होकर भक्तों को नए रूप में दर्शन देते हैं।
- **रथयात्राः** आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को तीनों रथ गुंडिचा मंदिर की ओर प्रस्थान करते हैं। पुरी के गजपति महाराजा स्वयं छेरा पहरा करते हैं, अर्थात सोने की झाड़ू से रथ के मार्ग को बुहारते हैं। यह इस बात का प्रतीक है कि राजा भी भगवान का सेवक है।
- **बहुड़ा यात्राः** सात दिन बाद भगवान पुन: मुख्य मंदिर लौटते हैं।

यात्रा समाप्ति पर रथों को तोड़कर उनकी लकड़ी मंदिर की रसोई में उपयोग की जाती है। श्रीजगन्नाथ मंदिर की रसोई विश्व की सबसे बड़ी रसोई मानी जाती है। यहां 56 प्रकार का भोग बनता है। रसोई की विशेषता यह है कि मिट्टी की हांडियां एक के ऊपर एक रखी जाती हैं और सबसे ऊपर वाली हांडी का प्रसाद सबसे पहले पकता है, जबकि अग्नि सबसे नीचे जल रही होती है। इसे भगवान की लीला माना जाता है।

आज भारत के अनेक शहरों में जगन्नाथ रथयात्रा निकाली जाती है, परंतु पुरी की रथयात्रा का आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व अनुपम है। यह पर्व केवल दर्शन का नहीं, बल्कि मानवता और समानता का भी पर्व है।

-अंजनी सक्सेना-विभूति फीचर्स

## आंचलिक

# युवा शक्ति का संकल्पः 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान का धार में हुआ आगाज

अजय नलवाया (7879800048)

धार • दैनिक इंदौर संकेत

जिले को नशामुक्त, स्वस्थ एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' अभियान का शुभारंभ आज जिला मुख्यालय स्थित पीजी कॉलेज के विक्रम सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा, कलेक्टर राजीव रंजन मीना एवं पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा रहे।




#### नशा मुक्त समाज ही प्रगति का आधारः कलेक्टर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर राजीव रंजन मीना ने कहा कि नशा एक ऐसी सामाजिक बुराई है जो युवाओं की ऊर्जा को गलत दिशा में मोड़ देती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक कर उन्हें एक बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे नशे से दूर रहकर शिक्षा और रचनात्मक गतिविधियों में अपनी ऊर्जा लगाएं।

#### नशा परिवार और समाज के लिए घातकः एसपी

पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा ने नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह आपराधिक प्रवृत्तियों को भी जन्म देता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहें, बल्कि अपने आसपास के साथियों को भी इसके प्रति सचेत करें। एसपी ने कहा कि पुलिस प्रशासन नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसके लिए व्यापक जन-भागीदारी आवश्यक है।

#### शपथ के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम

समारोह का समापन सामूहिक शपथ के साथ हुआ। पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा ने सभी उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस बल के जवानों, एनसीसी कैडेट्स और महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को नशामुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई। सभी ने संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहेंगे, बल्कि समाज को इस बुराई से मुक्त करने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।?इस अवसर पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी, पीजी कॉलेज के प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### बारिश की बेरुखी से बढ़ी किसानों की चिंता, मुरझा रहीं मक्का-सोयाबीन की फसलें

दैनिक इंदौर संकेत

खरगोन • जिले में पिछले एक सप्ताह से बारिश नहीं होने के कारण खरीफ फसलों पर संकट गहराने लगा है। शुरुआती अच्छी बारिश के बाद मानसून की रफ्तार थमने से मक्का और सोयाबीन की फसलें मुरझाने लगी हैं, जबकि कई खेतों में दरारें पड़ गई हैं। लगातार बढ़ते तापमान और घटती नमी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने 25 जुलाई तक बारिश की संभावना जताई है, जिससे किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है। जिले में पिछले सात दिनों से अच्छी बारिश नहीं हुई है। इसका सीधा असर खरीफ फसलों पर दिखाई देने लगा है। खेतों में नमी कम होने से मक्का और सोयाबीन की फसलें दोपहर के समय मुरझाने लगी हैं। किसानों का कहना है कि यदि जल्द बारिश नहीं हुई तो उत्पादन पर गंभीर असर पड़ सकता है। देवली और कोठा बुजुर्ग सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति अधिक चिंताजनक है। यहां सिंचाई के लिए नहरों की सुविधा नहीं है और कुओं का जलस्तर भी पर्याप्त नहीं बढ़ा है। ऐसे में किसान पूरी तरह बारिश पर निर्भर हैं। किसान दशरथ राठौड़, गिरधारी राठौड़, सौभाग गेहलोद और दीपक कुशवाह ने बताया कि शुरुआती बारिश से अच्छी फसल की उम्मीद जगी थी, लेकिन अब लगातार बारिश नहीं होने से फसलों की बढ़वार प्रभावित हो रही है।

### छात्र को एपीके फाइल भेजी, 59 हजार आरटीओ चालान के नाम पर ठगी

दैनिक इंदौर संकेत

खंडवा • एक बीएससी छात्र को व्हाट्सएप पर आरटीओ चालान के नाम से एपीके फाइल भेजी गई और उससे 59 हजार रुपए की ठगी कर ली गई। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, फरियादी करण पिता गुलसिंह डुडवे है, जो खरगोन जिले के भीकनगांव का रहने वाला है। फिलहाल वह खंडवा स्थित एक निजी यूनिवर्सिटी से बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई कर रहा है। वह कोतवाली थाना क्षेत्र के गणेश तलाई में किराए से रहता है। पुलिस शिकायत में करण ने बताया कि 8 जुलाई को उसके मोबाइल पर दो बार ट्रांजेक्शन के मैसेज आए। पहला ट्रांजेक्शन 49 हजार 999 रुपए का था। दूसरा ट्रांजेक्शन 8 हजार 999 रुपए का था। इसके बाद मैंने ट्रांजेक्शन के मैसेज देखे और अकाउंट का बैलेंस चेक किया तो मेरे अकाउंट से कुल 59 हजार 466 रुपए की धोखाधड़ी हो चुकी थी। यह सब आरटीओ चालान की एपीके फाइल डाउनलोड करने के बाद हुआ। पंधाना थाना पुलिस ने दो यूट्यूबर के खिलाफ 50 हजार रुपए मांगने की शिकायत मिलने पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने ब्लैकमेलिंग की धाराओं में यूट्यूबर गोपाल सावनेर और लक्ष्मीनारायण उर्फ लक्ष्मण केल्दे, दोनों निवासी पंधाना, को आरोपी बनाया है। शिकायत मोहनपुर पंचायत के सचिव रामप्रकाश मोरे ने की थी। उन्होंने बताया कि दोनों सड़क और नाली के मुद्दे पर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे थे। इसके बदले 50 हजार रुपए की मांग की गई।

# भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा ने भील प्रदेश की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

धार • दैनिक इंदौर संकेत

भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा द्वारा आज जिला कलेक्टर धार को एक ज्ञापन सोपा ज्ञापन में भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत राजस्थान गुजरात मध्य प्रदेश महाराष्ट्र के सीमा इलाका एवं एक केंद्र शासित प्रदेश दादरा नगर हवेली को जोड़कर नया भील प्रदेश राज्य गठन किया जाए साथ ही भारत के अनुसूचित क्षेत्र में वन विभाग की जमीन वृक्षारोपण वन संरक्षण वन्यजीवों के संरक्षण के लिए आदिवासियों को सौंपी जाए राजस्थान गुजरात महाराष्ट्र मध्य प्रदेश के आदिवासी अनुसूचित जिला उपखंडों के मुख्यालय पर आदिवासी महापुरुषों की मूर्ति स्थापित कर आदिवासी प्रेरणा स्थल विकसित किया जाए।




# महापौर का विरोध करने पर स्वागत, विधायक ने दिलाई करोड़ों की सौगात

दैनिक इंदौर संकेत

खंडवा • शहरी क्षेत्र में 8 करोड़ 43 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ। यह बजट विधायक के लिए रिजर्व विशेष सीएम अधोसंरचना मद से स्वीकृत किया है। इसमें रामेश्वर, पदमकुंड जीर्णोद्धार प्रोजेक्ट शामिल किए गए हैं। खास बात है कि नगर निगम के मंच पर महापौर का स्वागत ना होने पर एक एमआईसी सदस्य को विरोध करना पड़ गया। तब बुके देकर स्वागत हो पाया।

कार्यक्रम में एक तरफ महापौर अमृता यादव ने विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को श्रेय दिया तो वहीं विधायक कंचन तनवे ने कहा कि, 8.43 करोड़ के कार्य उनकी विशेष निधि से स्वीकृत कराए गए हैं। जिन्हें मुख्यमंत्री ने मंजूरी दी। इस कार्यक्रम के दौरान भाजपा में गुटबाजी देखी गई।

मंच पर जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्रसिंह लोधी और कैबिनेट मंत्री विजय शाह मौजूद थे, जिनकी मौजूदगी में गुटबाजी उभरकर आई। भाजपा के सभी सीनियर नेता भी शामिल हुए, जिन्हें विधायक कंचन तनवे के द्वारा आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में 8.43 करोड़ रुपए के जिन 11 कार्यों का भूमिपूजन किया गया, उनमें रामेश्वर वार्ड में प्राचीन कुंड रामेश्वर के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण कार्य की लागत 2 करोड़ 60 लाख रुपए है। इसी तरह संत रैदास वार्ड में



मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य की लागत 2.55 करोड़ रुपए है। दादाजी वार्ड में दादाजी मंदिर एवं गणेश गौशाला चौराहा के सौंदर्यीकरण कार्य की लागत 77 लाख रुपए है।

गुरुनानक वार्ड में माखनलाल चतुर्वेदी पुराना बस स्टैंड के सौंदर्यीकरण कार्य की लागत 51 लाख रुपए, भैरों तालाब वार्ड में पदमकुंड के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य की लागत 1 करोड़ 40 लाख रुपए, वार्ड नंबर 26 में सीसी रोड निर्माण कार्य की लागत 10 लाख रुपए, महालक्ष्मी वार्ड में टीन शेड निर्माण कार्य की लागत 10 लाख रुपए है।

गांधीनगर में रामदेव मंदिर के पास टीन शेड निर्माण की लागत 10 लाख रुपए, दीनदयाल पुरम में नाग बाबा मंदिर के पास टीन शेड निर्माण की लागत 10 लाख रुपए है। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 27 में बगीचा निर्माण की लागत 10 लाख रुपए और कुंडलेश्वर वार्ड में सीसी रोड व नाली निर्माण के 10 लाख रुपए लागत के कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

# बढ़त बनाने उतरेगी टीम इंडिया मुकाबला शाम साढ़े पांच बजे

**कार्डिफ (एजेंसी)** • टी-20 सीरीज में मिली करारी शिकस्त के जख्मों पर मरहम लगाते हुए भारतीय क्रिकेट टीम ने वनडे सीरीज का शानदार आगाज किया है। बर्मिंघम में खेले गए पहले मुकाबले में इंग्लैंड को 6 विकेट से धूल चटाकर शुभमन गिल की अगवाई वाली टीम इंडिया ने तीन मैचों की इस सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। अब भारतीय टीम की नजरें गुरुवार को कार्डिफ में होने वाले दूसरे वनडे मैच को जीतकर सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल करने पर टिकी हैं। हालांकि, पहले मैच में मिली बड़ी जीत के बावजूद टीम इंडिया के सामने कई चुनौतियां और चिंताएं हैं, जिन्हें इस करो या मरो के मुकाबले से पहले दूर करना बेहद जरूरी है। दूसरे







वनडे का समय बदल गया है। पहला वनडे भारत में दोपहर 3.30 बजे शुरू हुआ था, वहीं दूसरा वनडे शाम 5.30 बजे खेला जाएगा। भारत गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ़ वनडे सीरीज़ जीतने की कोशिश करेगा, लेकिन कप्तान शुभमन गिल की फिटनेस को लेकर अचानक हुई ड्क्षचता ने सोफिया गार्डन्स में होने वाले दूसरे मैच से पहले टीम मैनेजमेंट को एक अहम फैसले की स्थिति में डाल दिया है। मेहमान टीम एजबेस्टन में पहले वनडे में छह विकेट से शानदार जीत के बाद 1-0 की बढ़त के साथ कार्डिफ़ पहुंची है।

## बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप अगले माह, दल की अगुवाई करेंगी सिंधु

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) विश्व चैंपियनशिप 17 से 23 अगस्त तक नई दिल्ली में होगी। इसमें 10 सदस्यीय भारतीय बैडमिंटन टीम की अगुवाई ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु करेगी। बीडब्ल्यूएफ ने इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफिकेशन सूची जारी कर दी है, जिसमें भारत के कुल 10 खिलाड़ियों को पांच स्पर्धाओं में उतरने का अवसर मिला है। इन खिलाड़ियों में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की देश की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी भी शामिल है। सिंधु को बीडब्ल्यूएफ के नियमों के तहत मेजबान देश की प्रतिनिधि के तौर पर महिला एकल ड्रॉ में जगह मिली है। यह क्वालिफिकेशन सूची 28 अप्रैल की वर्ल्ड बैडमिंटन रैंकिंग पर आधारित है, जिसमें पुरुष और महिला एकल में 64-64 खिलाड़ी और प्रत्येक युगल स्पर्धा में 48-48 जोड़ियां शामिल हैं। नियमानुसार, विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में प्रत्येक वर्ग में भारत के दो खिलाड़ियों को सीधे प्रवेश मिला है। वहीं पुरुष एकल वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी करेंगे, जिन्होंने अपनी रैंकिंग के बल पर प्रवेश हासिल किय है। वहीं, महिला एकल में सिंधु के साथ उभरती खिलाड़ी उन्नति हुड्डा को भी जगह मिली है। पुरुष यगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को भी शामिल किया गया है। पुरुष युगल की बात करें तो हरिहरन अमसाकरुणन और एमआर अर्जुन को अवसर मिला है। दूसरी ओर महिला युगल में 30वें स्थान पर कायम ट्रेसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भारत की ओर से चुनौती पेश करेगी, जबकि कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी ने दूसरी भारतीय जोड़ी के रूप में प्रवेश हासिल किया है। मिश्रित युगल स्पर्धा में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो ने 21वें स्थान के साथ अपनी जगह बनाई है।

## आईसीसी का बड़ा ऐलान, ओडीआई और टी-20 वर्ल्ड कप का फॉर्मेट बदला

**एडिनबर्ग (एजेंसी)** • आईसीसी के पुरुषों के बड़े टूर्नामेंट में एकतरफा मुकाबलों का दौर अब बदल सकता है, क्योंकि क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने 2027 वनडे वर्ल्ड कप और 2028 टी20 वर्ल्ड कप के लिए नए फॉर्मेट पेश किए हैं, जिससे खिताब तक का रास्ता और मुश्किल और रोमांचक हो जाएगा। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने दोनों इवेंट के स्ट्रक्चर में बदलाव किए हैं, ताकि ज़्यादा अहम मुकाबले हों, उभरती हुई टीमों को ज़्यादा मौके मिलें और यह पक्का किया जा सके कि टीमें पूरे टूर्नामेंट में मज़बूत चुनौतियों का सामना करें। एडिनबर्ग में आईसीसी की सालाना आम बैठक में मंज़ूर किए गए इन बदलावों के तहत 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए तीन चरणों वाला नया फॉर्मेट और 2028 टी20 वर्ल्ड कप के लिए नए सिरे से तैयार किया गया सुपर 10 चरण लागू होगा। दक्षिण अफ्रीका, ज़िम्बाब्वे और नामीबिया द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित होने वाले 2027 वनडे वर्ल्ड कप में 14 टीमें ही खेलेंगी, लेकिन नॉकआउट चरण तक पहुंचने का रास्ता ज़्यादा मुश्किल होगा। टूर्नामेंट की शुरुआत सबसे कम रैंकिंग वाली तीन क्वालिफ़ाई करने वाली टीमों के बीच सुपर सीरीज़ से होगी, जिसमें से सिर्फ़ विजेता टीम ही आगे बढ़ेगी। इसके बाद बाकी 12 टीमें छह-छह टीमों के दो ग्रुप में मुकाबला करेंगी, और बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीमें सुपर 7 चरण में पहुंचेंगी। सुपर 7 चरण में सभी सात टीमें एक-दूसरे के खिलाफ़ खेलेंगी, और सिर्फ़ शीर्ष चार टीमें ही सेमीफ़ाइनल में जगह बना पाएंगी। उम्मीद है कि इस फॉर्मेट से कुछ अच्छे नतीजों के दम पर टीमों के नॉकआउट चरण में पहुँचने की संभावना कम हो जाएगी। आईसीसी ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड द्वारा आयोजित होने वाले 2028 पुरुष टी20 वर्ल्ड कप के स्ट्रक्चर में भी बदलाव किया है।

# आकांक्षा ने सैर करवाई 'इक्का' के सेट के पीछे की दुनिया की




**मुंबई (एजेंसी)** • अभिनेत्री आकांक्षा रंजन ने अपने फैंस को सस्पेंस से भरपूर फिल्म 'इक्का' के सेट के पीछे की दुनिया की एक एक्सक्लूसिव सैर करवाई। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर आकांक्षा रंजन ने एक विशेष बीटीएस (बिहाइंड द सीन्स) कैरोसेल साझा किया, जिसमें अपने किरदार 'सोमा मेहतानी' को पर्दे पर जीवंत करने के पीछे की गहन मेहनत और समर्पण की एक झलक देखने को मिली। इन तस्वीरों ने फिल्म निर्माण की वास्तविक बैकस्टेज कहानी को उजागर किया, जिससे दर्शकों को पता चला कि पर्दे पर दिखने वाली कहानी को बनाने में कितनी बारीकी और परिश्रम लगता है। बीटीएस कैरोसेल में सेट के कई दिलचस्प पल शामिल थे, जिन्होंने फिल्ममेकिंग के हर पहलू को दर्शाया। कभी आकांक्षा घंटों तक प्रोस्थेटिक मेकअप में मेहनत झेलती नजर आईं, जो उनके किरदार की जटिलता और उसमें लगने वाले समय को दर्शाता है। कभी वह अनुभवी अभिनेता अक्षय खन्ना के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखीं, जिससे उनके अभिनय कौशल और सेट पर उनके तालमेल की झलक मिली। कॉस्ट्यूम ट्रायल्स की तस्वीरें भी साझा की गईं, जो किरदार के लुक को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया को दर्शाती हैं।

## श्रेया के खुलासे से 'लॉक अप' के घर में खड़ा हुआ नया विवाद

**मुंबई (एजेंसी)** • रियलिटी शो लॉक अप सीजन 2 की कंटेस्टेंट श्रेया कालरा ने एक चौंकाने वाला दावा किया है। शो एक एपिसोड में श्रेया कालरा ने बताया कि एक्ट्रेस और साथी कंटेस्टेंट शिवांगी जोशी ने एक बार उनकी और एक्टर कुशल टंडन की पूरी चैट पढ़ी थी। यह घटना तब हुई थी जब कुशल ने कथित तौर पर शिवांगी को डेट करते हुए श्रेया को मैसेज किया था। श्रेया के इस खुलासे ने लॉक अप के घर में एक नया विवाद खड़ा कर दिया है और दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। लॉक अप 2 के हालिया एपिसोड में, श्रेया ने अपनी साथी कंटेस्टेंट और एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे से बात करते हुए यह बात बताई। उस घटना को याद करते हुए श्रेया ने कहा कि वह शिवांगी के एक टीवी शो के लिए प्रमोशनल वीडियो की शूटिंग कर रही थीं, तभी कुशल ने सोशल मीडिया पर उनसे संपर्क किया। श्रेया ने बताया, शूट के बाद उन्होंने मुझे मैसेज किया। उस समय मैं किसी को डेट कर रही थी। उस समय कुशल टंडन और शिवांगी जोशी के बीच कुछ चल रहा था। मुझे इसके बारे में पता नहीं था। उन्हें इस रिश्ते की जानकारी नहीं थी। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि कुशल उन्हें मैसेज करते रहे, लेकिन वह एक कमिटेड रिलेशनशिप में थीं और उन्होंने बातचीत को आगे न बढ़ाने का फैसला किया क्योंकि उन्हें लगा कि बातचीत में कुछ गड़बड़ है। श्रेया ने कहा, उन्होंने मुझसे बात करना शुरू किया। मुझे कुछ शक हुआ और मैंने बात रोक दी।



## उज्जैन संभाग




### एआई से फर्जी पास बनाकर तीन श्रद्धालु महाकाल मंदिर पहुंचे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • महाकालेश्वर मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था में आधुनिक तकनीक के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। भोपाल से आए एक युवक और उसके दो नाबालिग साथियों ने कथित तौर पर एआई टूल की मदद से वीआईपी पास जैसा दिखने वाला फर्जी पास तैयार कर मंदिर में प्रवेश करने का प्रयास किया। तीनों इसी पास के आधार पर मंदिर परिसर के भीतर पहुंच गए, लेकिन सुरक्षा जांच के दौरान उनकी पोल खुल गई। थाना प्रभारी गगन बादल के अनुसार सुरक्षाकर्मियों को पास पर 'गर्भगृह दर्शन' लिखा होने पर संदेह हुआ, क्योंकि पिछले करीब ढाई वर्ष से श्रद्धालुओं के लिए गर्भगृह में प्रवेश बंद है। इसके बाद बारकोड और अन्य विवरणों की जांच की गई, जिसमें पास फर्जी पाया गया। सुरक्षा कर्मियों और पुलिस ने तत्काल तीनों को हिरासत में ले लिया। नियमानुसार कार्रवाई के बाद उन्हें सामान्य कतार से बाबा महाकाल के दर्शन कराए गए। पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी की पहचान भरत निवासी कोलार रोड भोपाल के रूप में हुई है। उसके साथ दो नाबालिग भी थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने मंगलवार दोपहर एआई टूल की मदद से वीआईपी पास जैसा दिखने वाला फॉर्मेट तैयार किया था। पुलिस ने भरत के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है, जबकि दोनों नाबालिगों के मामले में किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस घटना के बाद महाकाल मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था और प्रवेश पास के सत्यापन तंत्र को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

# रामघाट से ढाबा रोड तक सड़क खुदी, मिट्टी-मलबा फैला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • भगवान महाकालेश्वर की सावन माह की पहली सवारी 3 अगस्त को निकलेगी। सवारी मार्ग के कई हिस्सों की स्थिति फिलहाल खराब है। सिंहस्थ की तैयारियों और विभिन्न विकास कार्यों के चलते फिलहाल इस मार्ग से सवारी निकालना चुनौती बना हुआ है। जिसमें हरसिद्धि पाल से रामघाट, गणगौर दरवाजे के सामने ढाबा रोड और आसपास के हिस्सों में चौड़ीकरण, सीवरेज और पाइपलाइन बिछाने का काम जारी मिला है। कई स्थानों पर सड़कें खुदी हुई हैं। मिट्टी-गिट्टी और मलबा बिखरा पड़ा है। स्थिति ऐसी है कि कहीं-कहीं सड़क पर एक व्यक्ति का चलना भी दूभर है। कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। 20 जुलाई से पहले सवारी मार्ग पर चल रहे सभी निर्माण कार्य हर हाल में पूरे का कहा है। ताकी सवारी अपने पारंपरिक स्वरूप में सुरक्षित निकाली जा सके और श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। सावन माह की शुरुआत 30 जुलाई से होगी। पहली सवारी 3 अगस्त को निकलेगी। इस दौरान देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचेंगे और सवारी में भी शामिल होंगे।

आगामी सिंहस्थ महापर्व को देखते हुए हरसिद्धि पाल से रामघाट तक मुख्य मार्ग का 4




करोड़ 68 लाख रुपए की लागत से 15 मीटर चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसके तहत चिन्हित भवनों को हटाने के साथ रिटर्निंग वॉल का निर्माण भी जारी है। वहीं, ढाबा रोड पर चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। गणगौर दरवाजे के सामने अमृत मिशन 2.0 के तहत पाइपलाइन डाली जा रही है। रामघाट तक कई सड़कें खुदी हुई हैं और चौड़ीकरण में टूटे मकानों का मलबा भी मार्ग पर पड़ा है। मार्ग के आधे हिस्से में चौड़ीकरण के बाद नाली और सीसी रोड का निर्माण चल रहा है, जबकि शेष हिस्से में सीवरेज प्रोजेक्ट के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए खुदाई की जा रही है। सवारी मार्ग से जुड़ी कई गलियां भी पूरी तरह उखड़ी हुई हैं। सवारी मार्ग की मौजूदा स्थिति को देखते हुए श्रद्धालुओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इसे लेकर शयन आरती भक्त मंडल ने कलेक्टर को पत्र लिखकर मांग की है कि प्रशासन सवारी मार्ग की वास्तविक स्थिति जल्द स्पष्ट करे और इसकी जानकारी सार्वजनिक करे। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने छत्री चौक से सत्यनारायण मंदिर तक चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने छत्री चौक से ढाबा रोड तक रात्रिकालीन शिफ्ट में सीआरएम कर जल्द डीएलसी का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

कमरी मार्ग चौराहे पर नाली निर्माण के दौरान जलभराव की स्थिति मिलने पर वैकल्पिक पाइपलाइन के माध्यम से पानी निकासी की व्यवस्था करने को कहा। साथ ही निर्देश दिए कि बारिश के दौरान ढाबा रोड से सत्यनारायण मंदिर तक मार्ग खराब होने पर ठेकेदार तुरंत चूरम डालकर रास्ता सुगम बनाए। हर सोमवार 2 से 4 लाख श्रद्धालु महाकाल मंदिर की सावन माह में निकलने वाले सवारी में शामिल होने के लिए प्रति सोमवार करीब 2 से 4 लाख श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। राजसी सवारी में यह संख्या बढ़कर करीब 8 लाख तक जा सकती है। ढाई किमी का मार्ग, 40 मिनट का समय करीब ढाई किमी के सवारी मार्ग में चल रहे कार्य श्रद्धालुओं के लिए बाधा बनेंगे। मंदिर से सवारी 4 बजे निकलती है। इसके बाद गुदरी चौराहा होती हुई बक्षी बाजार, कहारवाड़ी से शाम करीब 40 मिनट बाद रामघाट शिप्रा तट पर पहुंचेगी।

## 'स्मार्ट आंगनवाड़ी' अभियान शुरू मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन से 'स्मार्ट आंगनवाड़ी' अभियान का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत पहले चरण में उज्जैन जिले की 1,000 आंगनवाड़ियों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर हितग्राहियों को लाभ वितरित किए, आंगनवाड़ी परिसर में पौधारोपण किया और पोषण प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से बातचीत की, उन्हें उपहार दिए और झूला झुलाया। मुख्यमंत्री यादव ने इस दौरान कहा कि आंगनवाड़ी केवल बच्चों की देखभाल का केंद्र नहीं हैं, बल्कि उनके स्वस्थ, सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की पहली पाठशाला हैं। उन्होंने जोर दिया कि विभिन्न बस्तियों से आने वाले बच्चों को बेहतर पोषण, स्वास्थ्य सुविधाएं और प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इस अभियान के तहत आंगनवाड़ियों को प्री-स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन स्मार्ट आंगनवाड़ी केंद्रों में झूले, खेल सामग्री, आधुनिक फर्नीचर, यूनिफॉर्म, शिक्षण सामग्री, डिजिटल लर्निंग सुविधाएं और बेहतर स्वास्थ्य जांच जैसी व्यवस्थाएं उपलब्ध होंगी। एक आंगनवाड़ी केंद्र को आधुनिक स्वरूप देने में लगभग 6 लाख रुपये की लागत आएगी। इस अभियान को जनसहयोग और कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा। इसका उद्देश्य समाज के अधिक से अधिक लोगों को आंगनवाड़ियों को गोद लेने और बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करना है।

## अर्जुन मेहंदिया सुसाइड केस, दो और इनामी आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खातेगांव** • पुलिस ने अर्जुन मेहंदिया को आत्महत्या के लिए उकसाने और प्रताड़ित करने के मामले में फरार चल रहे दो और इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस सनसनीखेज मामले में अब तक कुल चार आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है, जबकि तीन अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

### यह है पूरा मामला

यह मामला मई 2026 का है। 19 मई को दावठा निवासी अर्जुन मेहंदिया का तिरपट्टी चौराहे से अपहरण किया गया था। आरोपियों ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर जबरन तहसील कार्यालय ले गए। वहां दबाव बनाकर अर्जुन की जमीन की लिखापढ़ी अपने नाम करवा ली गई। इस शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना से टूटकर अर्जुन ने अगले ही दिन यानी 20 मई को अपने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। इलाज के दौरान अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया। जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपहरण, मारपीट, आत्महत्या के लिए उकसाने और एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस एसपी गहलोद ने फरार आरोपियों पर पांच-पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। इससे पहले 22 मई को दो मुख्य आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना और साइबर सेल की मदद से फरार चल रहे दो आरोपियों को नीमच से गिरफ्तार किया। आरोपी थाने का लिस्टेड गुंडा है। इसके खिलाफ पहले से ही हत्या के प्रयास, बलात्कार, छेड़छाड़, अवैध वसूली और मारपीट जैसे कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, इस मामले में शामिल तीन अन्य आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस टीमों को सक्रिय कर दिया गया है और संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही शेष आरोपियों को भी सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।



कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर के अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री की अलग-अलग भाव भंगिमाएं।

## सरकारी होता तो 'सस्पेंशन' निजी स्कूल है इसलिए जांच

**दैनिक इंदौर संकेत**

*अपनी बात — आशीष गुप्ता*

*शहर के चर्चित निजी स्कूल में हुई घटना ने एक बार फिर शिक्षा व्यवस्था के उस दोहरे चरित्र को सामने ला दिया है, जिस पर अक्सर चर्चा तो होती है, लेकिन कार्रवाई के समय सब खामोश हो जाते हैं। सवाल घटना से बड़ा है— क्या जवाबदेही भी सरकारी और निजी स्कूल देखकर तय होती है?*

*ज़रा कल्पना कीजिए... यदि यही घटना किसी सरकारी स्कूल में हुई होती तो अब तक शिक्षा विभाग की गाड़ियां दौड़ चुकी होतीं। जिला शिक्षा अधिकारी का बयान आ चुका होता, जांच समिति बन चुकी होती, दो-तीन कर्मचारियों के निलंबन के आदेश जारी हो चुके होते और प्रेस विज्ञप्ति में लिखा होता— 'दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।'*

*लेकिन जब मामला एक बड़े निजी स्कूल का हो, तो पूरा सिस्टम मानो अचानक संयम की मूर्ति बन जाता है। हर तरफ एक ही वाक्य सुनाई देता है— 'जांच जारी है... रिपोर्ट आने दीजिए... तथ्यों का इंतजार कीजिए...'*

*ऐसा लगता है कि सरकारी स्कूलों के लिए नियम फास्ट ट्रैक पर चलते हैं और निजी स्कूलों के लिए वीआईपी लेन में।*

*व्यंग्य यह भी है कि शिक्षा विभाग की 'सख्ती' अक्सर वहीं दिखाई देती है, जहां सामने सरकारी कर्मचारी होता है। निजी संस्थानों के मामले आते ही वही सख्ती संवेदनशीलता, प्रक्रिया और कानूनी औपचारिकताओं की लंबी सुरंग में प्रवेश कर जाती है। नियम वही रहते हैं, लेकिन उनकी रफ्तार बदल जाती है।*

*आखिर ऐसा क्यों है कि सरकारी स्कूल में छोटी सी चूक पर भी पूरी प्रशासनिक मशीनरी सक्रिय हो जाती है, जबकि निजी संस्थानों में गंभीर घटनाओं के बाद भी कार्रवाई की धार उतनी तेज दिखाई नहीं देती? क्या बच्चों की सुरक्षा का महत्व स्कूल की फीस के हिसाब से तय होगा? क्या जवाबदेही का पैमाना संस्थान की प्रतिष्ठा देखकर बदलेगा?*

*सबसे बड़ा व्यंग्य तो यह है कि हर बार कहा जाता है— 'बच्चों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।' लेकिन जब उस प्राथमिकता की परीक्षा आती है, तो सबसे पहले कार्रवाई नहीं, बल्कि शब्दों का चयन शुरू हो जाता है। सरकारी स्कूल में आदेश पहले निकलता है, जांच बाद में चलती है। निजी स्कूल में जांच पहले चलती है, आदेश कब आएगा— यह कोई नहीं जानता।*

*यह लेख किसी एक स्कूल के पक्ष या विपक्ष का नहीं, बल्कि उस सोच पर सवाल है जिसमें कार्रवाई का तराजू संस्थान देखकर झुकता हुआ नजर आता है। यदि कहीं भी लापरवाही हुई है तो दोषियों पर समान कार्रवाई होनी चाहिए— चाहे वह सरकारी स्कूल हो या शहर का सबसे प्रतिष्ठित निजी विद्यालय।*

*वरना जनता यही कहेगी कि शिक्षा व्यवस्था में भी दो कानून हैं— एक सरकारी स्कूलों के लिए, जहां निलंबन सबसे पहला इलाज है; और दूसरा निजी स्कूलों के लिए, जहां जांच की फाइलें इतनी धीरे चलती हैं कि जवाबदेही रास्ते में ही दम तोड़ देती है।*

***सवाल सिर्फ इतना है— बच्चों की सुरक्षा का मूल्य सबके लिए बराबर है या फिर कार्रवाई भी स्कूल के बोर्ड पर लिखे नाम और उसकी हैसियत देखकर तय होगी?***

## सुभाष चौक पार्किंग हुई फेल, निगम इंजीनियरों की लापरवाही का नतीजा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर शहर के राजवाड़ा क्षेत्र में जहां सुभाष चौक पार्किंग में वाहन चालक परेशान हो रहे है। जिसके चलते यह पार्किंग सुविधा की बजाय यहां वाहन चालकों के लिए एक परेशानी भी बनती है। जहां चार पहिया वाहन की पार्किंग करना वाहन चालकों की मजबुरी है।

बताया जा रहा है कि व्यापारियों ने बताया कि यहां पार्किंग में कई मंहगे चार पहिया वाहन कई बार क्षतिग्रस्त भी हो जाते है जिसके चलते वाहन चालक यहां पर वाहन पार्किंग करना पसंद तो नहीं करते लेकिन यह व्यस्तम बाजार का इलाका होने के कारण मजबुरी वश वाहन पार्किंग करते है।

सकरी इंट्री और एग्जिट गेट- सुभाष चौक स्मार्ट पार्किंग के नाम से बोर्ड लगाने वाली पार्किंग में चार पहिया वाहनो की इंट्री करने में वाहन चालकों के साथ ही कर्मचारियों को कुर्सीयां उठा कर जगह करना पड़ता है। इसके बाद जब यहां से वाहन एग्जिट गेट से बाहर निकलते है तो यहां की दीवार से टकरा जाते है। यदि वाहन को निकालते समय थोड़ी सी भी लापरवाही करे तो वाहन दीवार से टकरा जाते है जिसके चलते मंहगी कारें क्षतिग्रस्त हो जाते है जिस कारण वाहन चालक परेशान होते है।

## बीएड-एमएड में नहीं मिल रहे छात्र, आधी सीटें खालीं

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • प्रदेश में शिक्षा पाठ्यक्रमों में प्रवेश की रफ्तार इस वर्ष उम्मीद से काफी धीमी है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा दो चरणों की काउंसलिग पूरी होने के बाद भी एनसीटीई मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों की लगभग आधी सीटें खाली हैं। सबसे खराब स्थिति बीएड और एमएड पाठ्यक्रमों की है, जिससे निजी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों की चिता बढ़ गई है।

प्रदेश में बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड, बीएलएड और तीन वर्षीय बीएड सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों की करीब 70 हजार सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इनमें अकेले बीएड की लगभग 62 हजार सीटें हैं। हालांकि दो चरणों की काउंसलिग के बाद अब तक केवल 26 हजार विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है, जो कुल सीटों का करीब 42 प्रतिशत है। एमएड की स्थिति और भी चिताजनक है। करीब 6,500 सीटों के मुकाबले केवल 1,500 प्रवेश हुए हैं। अन्य शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रमों में भी कुल मिलाकर लगभग 4 हजार विद्यार्थियों ने ही दाखिला लिया है। कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि कम प्रवेश का मुख्य कारण कॉलेज आवंटन प्रक्रिया है। कई छात्रों ने इंदौर जैसे स्थानीय कॉलेजों का चयन किया था, लेकिन उन्हें ग्वालियर, सतना, भोपाल और अन्य दूरस्थ जिलों के कॉलेज आवंटित कर दिए गए। इसके कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने फीस जमा नहीं की और प्रवेश अधूरा छोड़ दिया। बीएड कॉलेज एसोसिएशन, मध्यप्रदेश के पदाधिकारी अवधेश दवे ने कहा कि छात्रों की रुचि में कमी नहीं है, बल्कि आवंटन प्रक्रिया में सुधार की आवश्यकता है। वहीं उच्च शिक्षा विभाग को उम्मीद है कि तीसरे चरण की काउंसलिग में प्रवेश संख्या में बढ़ोतरी होगी।

### प्रदेश में टेक होम राशन व्यवस्था में बदलाव पर कांग्रेस के आरोप

## बच्चों के पोषण पर भी भाजपा का कमीशन मॉडल-उमंग सिंघार

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • उन्होंने पूछा कि बार-बार व्यवस्था बदलने से किसका फायदा हो रहा है और 85 लाख हितग्राहियों की कीमत पर किसे लाभ पहुंचाया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यदि सरकार को हर कुछ साल में पूरी व्यवस्था बदलनी पड़ रही है तो यह नीति निर्माण और क्रियान्वयन दोनों पर सवाल खड़े करता है।

मप्र में टेक होम राशन व्यवस्था में बदलाव पर कांग्रेस के आरोप, उमंग सिंघार बोले बच्चों के पोषण पर भी भाजपा का कमीशन मॉडल मध्यप्रदेश में आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से वितरित किए जाने वाले टेक होम राशन की व्यवस्था में हुए बदलाव को लेकर सियासत तेज हो गई है।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रदेश सरकार पर बच्चों के पोषण कार्यक्रम में 'कमीशन



मॉडल' अपनाने का आरोप लगाया है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में टेक होम राशन व्यवस्था को पांचवीं बार बदला गया है। उनके मुताबिक, सरकार स्वयं स्वीकार कर चुकी है कि पिछले चार से पांच महीनों के दौरान कई क्षेत्रों में पोषण आहार की आपूर्ति बाधित रही, सप्लाई चेन प्रभावित हुई और करीब 250 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। उन्होंने सवाल किया कि बार-बार व्यवस्था बदलने की जरूरत क्यों पड़ रही है और इससे आखिर किसे फायदा पहुंच रहा है।

### उमंग सिंघार ने सरकार पर लगाए आरोप

उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कुप्रबंधन का खामियाजा 85 लाख बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लाखों हितग्राहियों के पोषण से जुड़े कार्यक्रम में लगातार बदलाव और अव्यवस्था गंभीर चिंता का विषय है। कांग्रेस नेता ने प्रदेश सरकार से जवाब मांगा कि बच्चों के पोषण जैसे संवेदनशील विषय पर राजनीति और कथित मुनाफाखोरी कब तक जारी रहेगी। उन्होंने पूछा कि इस अव्यवस्था का ज़िम्मेदार कौन है और बार बार व्यवस्था बदलने से किसे फायदा हो रहा है।

## काम में ढिलाई बर्दाश्त नहीं, तुरंत करें कार्रवाई-महापौर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • इंदौर में बुधवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने विधानसभा-4 के वार्ड-72 स्थित रेवेन्यू नगर में जनसंवाद कर लोगों की समस्याएं सुनीं। रहवासियों ने गार्डनों के रखरखाव, स्ट्रीट लाइटों के नियमित मेंटेनेंस, ड्रेनेज लाइन की सफाई और कुछ गलियों में जलभराव की शिकायतें रखीं। इस पर महापौर ने नगर निगम अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए, ताकि नागरिकों को बार-बार शिकायत दर्ज न करानी पड़े। उन्होंने अधिकारियों से रखरखाव व्यवस्था को अधिक जवाबदेह और प्रभावी बनाने के भी निर्देश दिए। जनसंवाद के बाद महापौर सच्चिदानंद नगर योगशाला पहुंचे, जहां उन्होंने पौधारोपण किया

## नाना पटवारी ने 6 माह में सट्टे में 65 लाख लगाए

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी को पुलिस ने फिर नोटिस दे दिया है। साथ ही शुभम ग्रुप के प्रमुख बिल्डर सुमित मंत्री को भी नोटिस दिया गया है। उधर पुलिस को जांच में पता चला है कि नाना ने 6 माह में सट्टे में 65 लाख रुपए लगाए थे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। ड्रग केस की जांच अब सिर्फ उसी मामले तक सीमित नहीं है, बल्कि पुलिस सट्टे और जमीन से जुड़ी कथित धोखाधड़ी के एंगल की भी पड़ताल कर रही है। पुलिस ने नाना पटवारी को पहले 13 जुलाई सोमवार को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन उन्होंने दो दिन का समय मांगा। अब उन्हें नया नोटिस देकर बुधवार 15 जुलाई को दोपहर 3 बजे पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

उधर शुभम वैली में प्लॉट धोखाधड़ी की शिकायत के मामले में शुभम ग्रुप के प्रमुख और बिल्डर सुमित मंत्री को भी नोटिस जारी किया गया है। बता दें कि



### सट्टे में बड़ा खुलासा: 65 लाख लगाए

वहीं नाना पटवारी के मोबाइल की जांच व अन्य से पूछताछ में सामने आया है कि नाना ऑनलाइन सट्टे से जुड़ा था। नाना ने बीते 6 माह में 65 लाख रुपए आनलाइन गेमिंग में लगाए हैं, जो भारत में गैर-कानूनी है। सट्टे के मामले में पुलिस ने पीथमपुर से सटोरिया प्रितेश त्रिपाठी को गिरफ्तार किया है। प्रितेश और संजय कौशल (रौनी भाई) आपस में नाना से लिंक्ड (जुड़े) हैं। रौनी ड्रग मामले में पहले ही गिरफ्तार हो चुका है।

डीसीपी नरेंद्र सिंह रावत ने नाना और सुमित को नोटिस देने की पुष्टि की है। साथ ही कहा है कि दोनों को बुलाया गया है आगे जांच के लिए पूछताछ होगी।

### बिल्डर सुमित मंत्री से इसलिए पूछताछ

बता दें कि एक युवती ने शिकायत की है कि उनके साथ 35 लाख रुपए के प्लाट का सौदा नाना ने शुभम वैली में किया था। वहीं बाद में प्लाट नहीं मिला और ना ही राशि पूरी लौटाई गई।

इस मामले में पुलिस ने टाउनशिप के प्रमुख बिल्डर सुमित मंत्री को नोटिस देकर बुलाया है। सुमित से यह पूछा जाना है कि इसमें नाना की क्या भूमिका है? जब टाउनशिप मंत्री की है, तो सौदा नाना ने क्यों और किस लिहाज से किया? क्या इसमें कोई ब्लैक मनी लगी है और क्या यह मनी लॉन्ड्रिंग तो नहीं है? जीतू का भाई भरत पटवारी उल्लेखनीय है कि नाना पटवारी का भाई भरत पटवारी, सुमित मंत्री के साथ दो कंपनियों में औपचारिक रूप से रिकॉर्ड पर पार्टनर है। हालांकि नाना पटवारी पार्टनर नहीं है।

## पटवारी गए तीन दिन इकट्ठा अवकाश पर

### 20 जुलाई से काली पट्टी बांधकर विरोध... 3 अगस्त से हड़ताल की चेतावनी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर पटवारियों का विरोध प्रदर्शन चल रहा है, लेकिन सरकार द्वारा सुनवाई नहीं किए जाने के कारण बुधवार से पटवारियों ने 3 दिन का सामूहिक अवकाश लेते हुए चरणबद्ध आंदोलन का आगाज कर दिया है। प्रदेशव्यापी आंदोलन की शुरुआत होते ही बुधवार से आम जनता के काम की फजीहत शुरू हो गई। 20 तारीख से जहां काली पट्टी बांधकर विरोध होगा, वहीं 3 अगस्त से बस्ता बंद हड़ताल की चेतावनी दी है।

हाल ही में हुई प्रमोशन की चरणबद्ध प्रक्रिया व सूचियों के जारी होने के बाद भी पटवारियों की मांगें नहीं माने जाने के बाद पटवारी संघ मैदान में उतर आया है। आज से 3 दिन के लिए सभी पटवारी एक साथ अवकाश पर चले गए हैं। संघ द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 20 से 23 जुलाई तक पटवारी काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराएंगे। इसके बाद 24 से 27 जुलाई तक सभी शासकीय वाट्सऐप और अन्य आधिकारिक समूहों का बहिष्कार किया जाएगा।

**ऐसा रहेगा आंदोलन**-आंदोलन के तीसरे चरण में 28 जुलाई से 2 अगस्त तक वेबजीआईएस, सारा ऐप सहित सभी ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार रहेगा, जिससे राजस्व संबंधी ऑनलाइन सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। यदि मांगों का समाधान नहीं हुआ तो 3 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करने का निर्णय लिया गया है। संघ ने तय किया है कि 20 जुलाई को प्रदेशभर के पटवारी सामूहिक अवकाश से लौटने के बाद अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए तहसील स्तर पर तहसील अध्यक्ष और जिलास्तर पर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में शासन के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। इसके साथ ही आंदोलन के अगले चरण का औपचारिक आगाज किया जाएगा।

लंबे समय तक राजस्व विभाग में अधिकारियों की कमी के कारण आम लोगों के नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, नक्शा सुधार, आय-जाति एवं निवास प्रमाण पत्र सहित कई राजस्व कार्य प्रभावित रहे।

## अब स्कूलों पर चलेगा आरटीओ का अभियान एक हफ्ते में सुधार नहीं किया तो होगी कार्रवाई

### स्कूल संचालकों को पत्र जारी, परिवहन नियमों का पालन सुनिश्चित करें

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • बीते कुछ दिनों से स्कूल वाहनों पर लगातार कार्रवाई के बाद अब क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ने सीधे स्कूल प्रबंधन की जवाबदेही तय करने की तैयारी शुरू कर दी है। आरटीओ ने शहर के सभी स्कूल संचालकों को पत्र जारी कर एक सप्ताह के भीतर परिवहन व्यवस्था में आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए हैं। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि स्कूलों से संचालित सभी वाहनों का संचालन मोटर वाहन अधिनियम और सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार होना चाहिए।

आरटीओ प्रदीप शर्मा ने बताया कि हमें जानकारी मिली है कि कुछ स्कूलों में अभी भी ऐसे वाहन संचालित हो रहे हैं जिनमें



फिटनेस, परमिट, जीपीएस, स्पीड गवर्नर, फायर एक्सटिंग्विशर, फर्स्ट एड बॉक्स, सीसीटीवी, महिला अटेंडेंट और अन्य अनिवार्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का पालन नहीं हो रहा है। इसके अलावा निजी वाहनों का स्कूल परिवहन में उपयोग और क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने जैसी शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं। इसी को देखते हुए सभी स्कूल संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अगले सात दिनों के भीतर अपनी परिवहन व्यवस्था का स्वयं परीक्षण कर सभी कमियों को दूर करें। निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद आरटीओ विशेष अभियान चलाकर स्कूलों और स्कूल वाहनों की जांच करेगा।

## एमजीएम अस्पताल की इमरजेंसी में बढ़े मरीज

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • मौसम में बदलाव के कारण मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। जिस वजह से एमजीएम अस्पताल की इमरजेंसी में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मंगलवार को इमरजेंसी वार्ड में मरीजों की संख्या इतनी अधिक हो गयी कि बेड के साथ-साथ सभी स्ट्रेचर भी फुल हो गये।

मरीजों की संख्या बढ़ने के कारण इमरजेंसी में उपस्थित डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को काफी परेशानी हुई। एमजीएम अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राघवेंद्र ने बताया कि वर्तमान में अस्पताल की ओपीडी और इमरजेंसी में सबसे ज्यादा मरीज मौसमी बीमारियों से पीड़ित होकर पहुंच रहे हैं। अधिकांश मरीजों में मलेरिया, तेज बुखार और बदन दर्द की शिकायत है। बच्चों में भी वायरल फीवर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

अस्पताल के अधीक्षक डॉ बलराम झा ने बताया कि अस्पताल में बढ़ रही मरीजों की संख्या को देखते हुए इरमजेंसी में डॉक्टरों को अलर्ट करने के साथ ही जरूरी दवा उपलब्ध करा दी गयी है। इसके साथ ही डॉक्टरों को निर्देश दिया गया कि जिस मरीज की स्थिति थोड़ी ठीक होती है, उसको वार्ड में भेज दें, ताकि इमरजेंसी में बेड खाली रह सकें और आने वाले नये मरीजों को इलाज में परेशानी न हो।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।